चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 255, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 14 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### पी-20: संसदों में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर जताई चिंता

## आतंकवाद हर देश के लिए खतरा: मोदी

**नई दिल्ली**

**जी-20** देशों के पीठासीन अधिकारियों के शिखर सम्मेलन (पी-20) में शुक्रवार को इस बात पर चिंता जताई गई कि दुनिया की संसदों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी कम है। इस संदर्भ में इन देशों ने भारतीय संसद की ओर से महिला आरक्षण विधेयक को पास किए जाने का स्वागत किया।

नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय पी-20 का उद्घाटन किया। बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया। इसमें कहा गया कि हमें इस बात पर चिंता है कि वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय संसदों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व काफी कम है। अपनी संसदों के नेताओं के रूप में हम इस प्रक्रिया के माध्यम से पहचाने गए किसी भी अंतर को समाप्त करने के लिए कदम उठाकर अपनी संसदों की लैंगिक-संवेदनशीलता के स्तर का आकलन और सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस संदर्भ में हम सितंबर 2023 में भारत की संसद द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को पास किए जाने का स्वागत करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र और आईपीयू को उनके प्रयासों के लिए भी धन्यवाद देते हैं और इसकी पुष्टि करते हैं कि 2030 के एजेंडे को प्राप्त करने के लिए लैंगिक समानता और युवा भागीदारी आवश्यक है संयुक्त वक्तव्य में आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की गई। इससे पहले प्रधानमंत्री ने भी सुबह अपने भाषण में आतंकवाद के खतरों से आगाह करते हुए इसके खिलाफ सामूहिक प्रयास किए जाने का आह्वान किया था। संयुक्त





वक्तव्य में कहा गया है कि हम शांति के लिए सभी धर्मों की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए विदेशी लोगों को पसंद न करने की प्रवृत्ति, नस्लवाद और असहिष्णुता के अन्य रूपों के आधार पर या धर्म अथवा आस्था के नाम पर आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करते हैं।

युद्ध से सिर्फ बबार्दी मिलती है: मोदी

### 'संघर्षों और विवादों के शांतिपूर्ण ढंग से निपटाएंगे'

**संयुक्त** वक्तव्य में कहा गया कि पी-20 के दौरान हुई रचनात्मक चचाओं और पिछले पी-20 सम्मेलनों में प्राप्त अनुभव को ध्यान में रखते हुए हम जी-20 संबंधी कार्य विधि में प्रभावी और सार्थक संसदीय योगदान देने के लिए अपने संयुक्त कार्य को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। हम संघर्षों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हुए अंतरराष्ट्रीय शांति, समृद्धि और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में प्रासंगिक मंचों पर संसदीय कूटनीति और बातचीत करना जारी रखेंगे।

पीएम ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

दुनियाभर में होने वाले युद्धों और संघर्षों के कारण उत्पन्न अपरिमित मानवीय पीड़ा और इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में गहरी चिंता है। इसमें प्रमुख रूप से यूक्रेन संघर्ष का उल्लेख किया गया।

संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप सभी देशों को किसी भी राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध क्षेत्रीय अधिग्रहण की कोशिश के लिए धमकी देने या बल उपयोग से बचना चाहिए। परमाणु हथियारों के उपयोग या उपयोग की धमकी देना अस्वीकार्य है।

## यूपी में नकल माफिया पर लगी रोक: योगी

### जब तक नए शिक्षकों की न हो नियुक्ति तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों की लें सेवाएं: सीएम योगी, सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकल विहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी।



### पीएम के प्रोत्साहन व यूपी सरकार के कार्यक्रमों से पदक जीत रहे खिलाड़ी

**लखनऊ/अमेठी**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एशियन गेम्स में भारत की शक्ति व सामर्थ्य का प्रदर्शन चीन में हुआ है। प्रधानमंत्री जी के प्रोत्साहन स्वरूप यहां पहली बार भारतीय खिलाड़ियों ने सेंचुरी पार कर 107 मेडल जीते। इसमें देश के लिए 25 फीसदी मेडल यूपी के खिलाड़ियों ने जीते। यूपी की खिलाड़ी एथलेटिक्स में पहले चीन से पीछे चल रही थी, लेकिन अंतिम 30 सेकेंड में उसने पासा पलट दिया। जब उससे पूछा गया तो अंतिम समय में कैसे बाजी मारी तो उसने कहा कि प्रधानमंत्री जी का प्रोत्साहन- यूपी सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यक्रम। डिप्टी एसपी की नौकरी प्राप्त करनी है, इसलिए गोल्ड मेडल आवश्यक था।

## संजय सिंह की याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते ईडी को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने ईडी से जांच से संबंधित रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। आज सुबह संजय सिंह की ओर से पेश वकील ने चीफ जस्टिस सतीश चंद्र



शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष ही सुनवाई की मांग की जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई का आदेश दिया। आज ही राऊज एवेन्यू कोर्ट ने संजय सिंह को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिया

## सिख गुरुओं द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता: अमित

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाग लिया। इस मौके पर अमित शाह ने सिख समुदाय की सराहना करते हुए कहा कि सिख गुरुओं ने देश के लिए जो योगदान दिया, उसे हजारों साल में भी नहीं चुकाया सकता।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि चाहे देश की आजादी की लड़ाई हो, मुगलों के खिलाफ लड़ाई की बात हो या अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई हो, देश



का बंटवारा हो या देश के लिए शहादत की बात हो, सिख समुदाय हमेशा नंबर एक पर रहा है। आज पूरी दुनिया गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का अनुसरण कर रही है, जिन्होंने उस समय लोगों को रास्ता दिखाया जब सभी धर्म एक-दूसरे से लड़ रहे थे। उन्होंने धर्म और कर्म दोनों के लिए समान रूप से काम करने के लिए सिख समुदाय की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सीएए के तहत उन सिख भाइयों को नागरिकता देना चाहते थे जो अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान से आए हैं, इस पंथ ने देश, समाज और मानवता के लिए बहुत कुछ किया है। सिख गुरुओं ने देश के लिए जो योगदान दिया, उसे हजारों वर्षों में भी नहीं भुलाया जा सकता।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई/नई दिल्ली**

**विदेशी** मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर रह गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 586.91 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 6 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 584.74 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.79 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 586.91 अरब डॉलर रहा था। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 70.7 करोड़ डॉलर घटकर 519.53 अरब डॉलर रही। आरबीआई के मुताबिक इस अवधि में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 1.42 अरब डॉलर घटकर 42.31 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 17.92 अरब डॉलर रहा है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.98 अरब डॉलर रह गया है।

देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में उछलकर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## भारत में इजरायली दूतावास व कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली**

**चीन** में इजरायली दूतावास के एक अधिकारी पर हुए हमले के बाद भारत में इजरायली दूतावास और राजनयिकों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक भारत ने इजरायली मिशनों, राजनयिकों और दूतावास कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाई है। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों ने भारत में रहने वाले इजरायली लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अलर्ट भी जारी किया है। महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और गोवा जैसे राज्यों को अधिकतम सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

## कैट को इस त्योहारी सीजन में तीन लाख करोड़ के व्यापार की उम्मीद

**नई दिल्ली**

**व्यापारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस साल त्योहारी सीजन में देशभर में करीब तीन लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद जताई है। पिछले साल इस सीजन में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था। कैट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कोरोना महामारी के बाद यह पहला वर्ष है, जब राजधानी दिल्ली सहित देशभर में त्योहारों को लेकर लोग उत्साहित हैं। देश के अधिकांश बाजारों में चहल-पहल दिखाई देनी शुरू हो गई। कैट ने खरीदारी के इस रुझान को देखते हुए उम्मीद जताई है कि इस साल त्योहारों के सीजन में देशभर में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने की संभावना है। पिछले साल इस सीजन में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि त्योहारों का सीजन रक्षा बंधन से शुरू हुआ है, जो दीपावली के बाद 23 नवंबर के दिन तुलसी विवाह तक चलेगा। अभी 15 अक्टूबर से नवरात्र, रामलीला, दशहरा, दुर्गा पूजा, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पूजा तथा तुलसी विवाह तक त्योहारों का सीजन शुरू होगा। इस सीजन में ग्राहकों की मांग के अनुरूप देशभर के व्यापारियों ने व्यापक रूप से सामान उपलब्ध कराने की बड़ी तैयारियों की व्यवस्था कर ली है।

## सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू की गिरफ्तारी पर 17 तक रोक लगाई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को फाइबरनेट घोटाला मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को 17 अक्टूबर तक गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस ने नायडू की इस मामले में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए आंध्र प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान नायडू की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार किए जाने की आशंका है। तब कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से कहा कि सुनवाई की अगली तिथि 17 अक्टूबर तक नायडू की



गिरफ्तारी नहीं करें। लूथरा ने कहा कि नायडू के खिलाफ एक-एक मामले खोले जा रहे हैं। कौशल विकास घोटाला मामले में नायडू की गिरफ्तारी के बाद अब इस मामले को खोला गया है। लूथरा ने कहा कि नायडू के खिलाफ फाइबरनेट मामले में 16 अक्टूबर को पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया जा चुका है। ऐसे में उनकी कभी भी गिरफ्तारी की जा सकती है।

### 2017-18 में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर थी 6.1, 2022-23 में हुई 3.4 फीसदी, 2017-18 में यूपी में बेरोजगारी दर 6.4 फीसदी थी

## योगी के यूपी में बेरोजगारी दर घटकर हुई 2.6 फीसदी

**लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश** ने समाज के हर वर्ग को रोजगार प्रदान करने में अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साढ़े छह वर्ष में छह लाख से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान कर यूपी के युवाओं को सशक्त किया गया है। मिशन रोजगार के तहत कार्य कर रही योगी सरकार निरंतर युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार 2017-18 में राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 3.4 फीसदी हो गई है। वहीं उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो बेरोजगारी दर कम करने में राज्य ने अच्छा प्रदर्शन किया है। 2017-18



में यूपी में बेरोजगारी दर 6.4 फीसदी थी, जो 2022-23 से घटकर 2.6 फीसदी हो गई है। इन आंकड़ों को देखें तो योगी सरकार द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चलाया जा रहा मिशन रोजगार अभियान प्रदेश में सफल रहा है। इसके जरिए गत साढ़े छह वर्ष में प्रदेश सरकार छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ी है। यही नहीं सरकार के प्रयासों का नतीजा रहा है कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में भी निवेश बढ़ा है और नई नौकरियां एवं रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। इससे उत्तर प्रदेश में 2017-18 के सापेक्ष 2022-23 में बेरोजगारी दर में 3.8 फीसदी की कमी आई है।

प्रतिमाह नियुक्ति पत्र देकर युवाओं को संबल दे रहे योगी

निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा निरंतर युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। पुलिस विभाग में लगभग डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां दी गईं।

## टीवी पर ज्यादा समाचार न देखें, बढ़ जाएगा तनाव: डब्ल्यूएचओ

**नई दिल्ली**

**इजरायल**-हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि लोग टीवी या सोशल मीडिया पर ज्यादा समाचार न देखें। इससे कुछ लोगों में तनाव बढ़ सकता है जिससे उन्हें कई समस्याएं हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लोगों को तनाव से बचने के लिए पर्याप्त नींद लेने, स्वास्थ्यप्रद भोजन करने, प्रियजनों के संपर्क में रहने और प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह भी दी है। दरअसल, इस समय पूरी दुनिया भर में इजरायल-हमास के बीच चल रहा युद्ध चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग युद्ध की स्थिति और इस पर ताजा सूचना के लिए बार-बार टीवी या सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। टीवी-सोशल मीडिया पर कई बार गंभीर दृश्य दिखाई दे रहे हैं जिससे लोगों में तनाव बढ़ रहा है। इससे कुछ लोगों में समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। विशेषकर युद्ध प्रभावित क्षेत्र, या प्रभावित समुदायों के लोग बार-बार युद्ध की स्थिति जानने की कोशिश कर रहे हैं। इससे उनमें तनाव बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इससे बचने की सलाह दी है। विशेषज्ञ ने बताया इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइकिएट्रिस्ट के चेयरमैन डॉ. मृगेश वैष्णव ने अमर उजाला से कहा कि यह बात सही है कि युद्ध के बहुत ज्यादा समाचार देखने-सुनने से लोगों में तनाव बढ़ सकता है। यदि यह तनाव का स्तर लगातार ज्यादा रहे तो इसका असर लोगों के स्वास्थ्य, व्यक्तिगत जीवन और कार्य क्षमता पर पड़ सकता है। इसलिए केवल जानकारी रखने तक के लिए समाचार देखना चाहिए। बार-बार उसे देखते रहने से मनोवैज्ञानिक समस्याएं सामने आ सकती हैं। डॉ. मृगेश वैष्णव ने कहा कि मस्तिष्क के सीखने और उसे याद रखने का एक पैटर्न होता है। हम जो भी देखते-सुनते हैं, उसका 90 प्रतिशत हिस्सा एक दिन में ही भूल जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### सहसों में रामलीला का मंचन 17 अक्टूबर से

**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी सहसों की आवश्यक बैठक संरक्षक/मेला प्रबंधक राम विशाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी की विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए रामलीला के मंचन हेतु रणनीति बनाई गई। जिसमें 15 अक्टूबर रविवार को सायंकाल 6 बजे कर्ण घोड़ा निकाला जाएगा। 16 अक्टूबर सोमवार को मुकुट पूजन एवं 17 अक्टूबर मंगलवार से नारद मोह के लीला मंचन से रामलीला का प्रारंभ होगी। तत्पश्चात 28 अक्टूबर को रावण वध के साथ दशहरा मेला का आयोजन किया जाएगा। 29 अक्टूबर को रोशनी एवं भरत मिलाप की लीला का मंचन करते हुए रामलीला समापन होगा। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष अजय कुमार केसरवानी, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं शीतल प्रसाद मोदनवाल सहित विजय कुमार केसरवानी उर्फ गप्पू, शिवलाल केसरवानी, सिद्ध नारायण ऑडिटर, शिव बाबू केसरवानी, राजेश केसरवानी, महेंद्र सिंह, पिंटू केसरवानी, नरेंद्र केसरवानी, रामगोपाल केसरवानी एवं विजय बहादुर सिंह उर्फ लोदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा की ट्रक दुर्घटना में मौत

सिकरो में पटेल विद्यालय के पास हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम



**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो से परीक्षा देकर घर लौट रही छात्रा की ट्रक से कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जिससे परिवार में कोहरा मच गया। जानकारी के अनुसार खुशबू पुत्री रामशंकर प्रजापति निवासी सिकरो खिलाड़ी का पूरा थाना कोरांव सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव में कक्षा 6 की छात्रा थी। वह शुक्रवार को परीक्षा देकर दोपहर 12 बजे के करीब अपने भाई रमेश के साथ साइकिल से घर जा रही थी कि पीछे से किसी अज्ञात बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साइकिल चला रहा भाई रमेश सड़क के पटरी पर दूसरी ओर तो छात्रा कुमारी खुशबू सड़क पर गिर गिर गई। जिससे जा रही ट्रक से कुचल मौके पर ही मौत हो गई। घटनाओं की सूचना पर पुलिस ने छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए जहां काफी देर तक हंगामा होता रहा। परिजनों को पुलिस ने समझा बुझाकर पंचनामा की कार्रवाई कर छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक छात्रा खुशबू चार भाई व बहनों में दूसरे नंबर की थी। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक छात्रा के पिता रमाशंकर प्रजापति ने ट्रक चालक कमलकांत तिवारी पुत्र त्रिवेणी प्रसाद तिवारी निवासी पड़वा थाना गढ़ जनपद रीवा मध्य प्रदेश के विरुद्ध प्रस्थिमिकी दर्ज कराई।

**प्रधानाचार्य ने मृतक परिजनों के प्रति जताई संवेदना:** छात्रा की मौत के बाद सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के प्रधानाचार्य डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह, प्रवक्ता यदुवीर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। जहां मृतक परिजनों को सांत्वना देकर संवेदना जताई। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह परिजनों की ओर से तहरीर दिलाने के लिए थाने पर भी मौजूद रहे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से यथोचित कार्रवाई करने की बात कही।

## खड़ी ट्रक में कंटेनर भिड़ी चालक की मौत खलासी घायल



**सहसों।** हंडिया-कोखराज हाइवे पर शुक्रवार की भोर में कानपुर की तरफ से आ रही कंटेनर पहले से खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक के साथ आगे बैठा हुआ खलासी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थरवई पुलिस मृतक चालक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल भेज गया। कंटेनर चालक नौबस्ता, कानपुर निवासी जय कुमार पाल (34) पुत्र बैजनाथ कानपुर देहात से साबुन लादकर वाराणसी जा रहा था। नेशनल हाइवे पर थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव के सामने पहुंचा था तभी हाइवे पर पहले से खड़ी ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। भिड़ंत के बाद कंटेनर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में चल रहे सह चालक सुरेश पुत्र हरीराम निवासी अझमापुर, कानपुर देहात घायल हो गया। पुलिस मृतक के परिजनों को जानकारी देकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के मासिक रेलवे क्रॉसिंग व छिवकी रेलवे स्टेशन के बीच शुक्रवार रात रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना स्थल पर चर्चा थी कि युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। थाना कौंधियारा के बजरिया गांव में रहने वाला शिव कुमार (40) पुत्र रामराज औद्योगिक क्षेत्र में एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता था। शुक्रवार की रात वह मासिक रेलवे क्रासिंग व छिवकी जंक्शन में बीच रेलवे ट्रैक पर गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसका बायां पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त था। सूचना पर औद्योगिक पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए एसआरएन ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही। मौके पर कुछ लोगो ने बताया कि वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया तो कुछ ने बताया कि उसने ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली। एसओ औद्योगिक एसके सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सोरांव को ओवरआल चैंपियनशिप

**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुक्रवार की शाम समापन हो गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की सभी सातों तहसीलों और दो संभागों के 550 प्रतिभागियों (35 विद्यालय) ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 अक्टूबर को सांसद रीता जोशी ने किया था और समापन 13 अक्टूबर को अपर सचिव विभा मिश्रा (माध्यमिक शिक्षा परिषद) ने किया। इस प्रतियोगिता की ओवरआल चैंपियनशिप सोरांव को मिली है।



अंजली, खुशी, शैलेष और अरमान को व्यक्तिगत चैंपियनशिप, राजा कमलाकर इंटर कालेज में आयोजित दो दिनी प्रतियोगिता का समापन, अपर सचिव (माशिप) ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला

जिला स्तरीय 67वीं प्रतियोगिता में बालक-बालिका की सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता हुई थी। इसमें सीनियर बालिका वर्ग में 51 अंक के साथ सोरांव पहले स्थान पर रहा, जबकि 40 अंक के साथ हंडिया को दूसरा स्थान हासिल हुआ। इसी क्रम में सीनियर वर्ग, बालिका की व्यक्तिगत चैंपियनशिप अंजली (सोरांव), कविता (फूलपुर) और रचिता (हंडिया) को मिली।बालिका के जूनियर वर्ग में 41 अंक के साथ सोरांव को प्रथम और फूलपुर को 34 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल हुआ। इसमें फूलपुर की खुशी को व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल हुई। इसी तरह सब जूनियर बालिका में 28 अंक के साथ हंडिया तहसील और 20 अंक के साथ फूलपुर के खिलाड़ी दूसरे स्थान पर रहे। इसी क्रम में सीनियर, बालक वर्ग में 49 अंक के साथ सोरांव प्रथम और 39 अंक के साथ बारा द्वितीय रहा। इसमें बारा तहसील के शैलेष कुशवाहा को व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल हुई है। बालक के जूनियर वर्ग में 59 अंक के सथ सोरांव प्रथम, 34 अंक के साथ बारा दूसरे स्थान पर आया। जूनियर वर्ग की व्यक्तिगत चैंपियनशिप अरमान सिंह के हिस्से आई। अरमान सिंह को यह खिताब 100, 200 मीटर दौड़ और लंबीकूद में सफलता पर मिला। अरमान सिंह मेजबान कालेज राजा कमलाकर सिंह इंटर कालेज के छात्र हैं। जबकि सब जूनियर वर्ग (बालक) 22 अंक के साथ बारा तहसील, 21 अंक के साथ कोरांव तहसील दूसरे स्थान पर रही। पूरी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सोरांव तहसील के खिलाड़ियों का रहा। सोरांव को ओवरआल चैंपियनशिप की ट्राफी दी गई। प्रतियोगिता के समापन मौके पर माशिप की अपर सचिव विभा मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अंत में प्रतियोगिता के कुशल आयोजन के लिए जिले की सभी तहसीलों से आए क्रीड़ाध्यक्षों व शिक्षकों का प्रधानाचार्य/संयोजक अनय प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। खेल सचिव मुकेश सिंह प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों के हौसले की तारीफ की। इस मौके पर मंजुकेश विश्वकर्मा, डा. इंदु सिंह, सविता निर्मल,डॉ प्रेमप्रकाश सिंह, अजय सिंह, लक्ष्मीकांत,आरती सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव,डॉ बृजेश कुमार यादव,रामबोध खरवार,राम सिंह,ओपी धारिया,दीपेंद्र प्रताप सिंह,अनुभव सिंह, शीतल सिंह आदि शामिल रहे।

### 108वीं साल भी महेवाकला गांव में हर्षोल्लास से 15 अक्टूबर को शुरू होगा राम लीला

**मांडा।** वर्ष 1916 से महेवा कला में अनवरत चल रही रामलीला 15 अक्तूबर 2023 को 108 साल पूरे करने जा रही है। यहां के रामलीला की सबसे खास बात यह है कि इसमें बिना शुल्क लिए गांव के ही पढ़े लिखे, अच्छे पदों पर नौकरी करने वाले लोग अभिनय करते हैं। रामलीला के प्रति गाव वालों का समर्पण भाव एवम उत्साह देखते ही बनता है। वर्ष 1916 में नवरात्र पर गांव के लोग मांडा राजमहल प्रांगण में हो रहे रामलीला को देखने के लिए गए। जहां लोगो ने देखा कि मंचन भक्तिपरक न होकर नाट्यपरक होने पर जल्दी समझ में आता है। तीन अक्तूबर 1916 दिन मंगलवार को महेवा कला गांव में पहली बार नककटैया का मंचन प्रारंभ किया गया, जो अब तक रामलीला के रूप में निरंतर जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की छत युक्त स्टेज पर नौ दिन रामलीला का मंचन किया जाता है। विजय दशमी की लीला गांव स्थित दशहरा मैदान में किया जाता है।अभिनय में ज्यादातर लोग नौकरीपेशा है। यही वजह है कि रामलीला की तैयारी, बैठकें अवकाश के दिनों में या देर रात होती हैं। इस बार की रामलीला 15 से 25 अक्तूबर तक होगी। पहले दिन मुकुट पूजा, नारद मोह का मंचन होगा। इसके अलावा 16 को तड़का वध, 17 को नगर दर्शन, 18 को धनुष यह व सीता स्वयंवर, 19 को राम वन गमन, 20 को राम भरत मिलाप, सीता हरण, 21 को राम सुग्रीव मिलन, 22 को सेतु निर्माण, 23 को मेघनाथ वध, 24 अक्तूबर को राम रावण वध व दशहरा का अयोजन किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### जल निगम में कर्मचारी को कई महीनों काम करने के बाद भी बीमारी से जूझ रहे युवक का नही मिला वेतन



**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार निवासी सर्वेश कुमार प्रजापति पुत्र नचकू प्रजापति का वेतन 18 महीने से जल निगम विभाग अमिलिया में काम करने के बाद भी आज तक नहीं मिला।जानकारी के अनुसार जल निगम विभाग में तैनात जेई अजीत मौर्या ने सर्वेश कुमार प्रजापति को यह कहकर जल निगम में रखा था कि 4500 रुपये प्रति माह देंगे और अमिलिया जल निगम में ऑपरेट के पद पर प्राइवेट तौर पर काम करो। 26 अप्रैल 2022 से सर्वेश कुमार प्रजापति ने लगातार अमिलिया तरहार स्थित जल निगम मे कार्य करता रहा लेकिन आज तक जेई अजीत मौर्या द्वारा एक रुपये भी नही दिया गया। बता दें कि सर्वेश कुमार प्रजापति लगातार बीमारी से जूझ रहे हैं, जिसका इलाज प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 08 जुलाई से लगातार चल रहा है। सर्वेश ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जेई अजीत मौर्या द्वारा लगातार झूठा आश्वासन दिया जाता है, आज देंगे कल करवा रहे हैं लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी आज तक कोई पैसा नहीं मिला। हमारे 04 बच्चे और परिवार भुखमरी के कगार पर हैं,मैं स्वयं बीमार चल रहा हूं।जब इस संबंध में जेई अजीत मौर्या से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद पैसे का इंतजाम करवा दूंगा, अभी पैसा नहीं है।

### दिव्यांगों का चिह्नांकन शिविर में किया गया पंजीकरण



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों परिसर में दिव्यांग चिंन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से आए हुए 195 लोगों ने पंजीकरण करा कर परीक्षण करवाया। शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना से दिव्यांगजन को सहारा मिलेगा तथा उन्हें अपने जीविका चलाने के लिए साधन मिलने से स्वरोजगार में आसानी होगी। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डॉक्टर वेद प्रकाश , डॉक्टर सुभाष चंद्र , डॉक्टर राकेश पासवान, डा जयशंकर , डॉक्टर आनंद कुमार, डॉक्टर संकल्प शुक्ला ने सभी दिव्यांग जनों का परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह देते हुए प्रमाण पत्र सहित सहायक उपकरण के लिए चिन्हित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी देव कुमार , एडीओ पंचायत नरेंद्र दुबे, शिवनारायण सिंह गप्पू , वरिष्ठ लिपि विजय बहादुर, अकाउंटेंट अतुल त्रिपाठी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### मां भगवती वैदिक शिक्षण जनसेवा संस्थान खखैचा द्वारा वीर बलिदानियों का सामूहिक तर्पण



**प्रतापपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां भगवती वैदिक शिक्षण जनसेवा एवं नैतिक धार्मिक संस्कृत शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में देश, धर्म, राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का त्याग करने वाले वीर बलिदानियों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण किया गया।संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने बताया कि सब कोई अपने पितरों का तर्पण करते हैं परंतु हमारी यह संस्था देश, धर्म के लिए बलिदान होने वाले वीरों को तर्पण प्रदान करती है यह कार्य विगत 6 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। चतुर्दशी तिथि को अस्त्र शस्त्र से मृत हुए लोगों का तर्पण श्राद्ध किया जाता है इसलिए हम भी प्रत्येक वर्ष चतुर्दशी तिथि को ही वीर बलिदानियों के लिए तर्पण करते हैं।इस अवसर पर तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी, अभिनव द्विवेदी, डीएम, चंद्रभूषण तिवारी, अजय कुमार शुक्ल, बच्चन, विनय शुक्ल, नीरज द्विवेदी, पुष्पेन्द्र पंडित, श्यामसुंदर पांडेय, प्रिंस तिवारी, सुमित तिवारी, आदर्श दुबे, हिमांशु पांडेय, आदित्य कुमार, नारायण दुबे, निहाल शुक्ल, नारायण दास वैश्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### मऊआइमा में एक पखवारे में आधा दर्जन चोरियों का नहीं हुआ खुलासा

**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं।एक पखवारे के अन्दर एक दर्जन चोरियों हो चुकी हैं । इन चोरियों का पुलिस खुलासा नहीं करने में जहमत कर रही है।जिससे चोरियां नहीं रूक रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र में अनगिनत चोरियों हो चुकी है और निरंतर चोरी जारी है। परन्तु पुलिस चोरी की घटना रोक पाने में असफल रही है। बताया गया है कि ग्राम महमदपुर सराय अली निवासी मोहम्मद मोकीम पुत्र स्वर्गीय रमजान का परिवार सो रहा था । बताया गया है कि चोर घर के अन्दर दाखिल होकर अलमारी का ताला तोड़कर सोना, चांदी के लाखों के अभूषण चोरी कर ले गए।ग्राम शाहबाजपुर निवासी रमेश कुमार पुत्र जोखू लाल अपनी बाइक ब्लाक बाजार में खडी करके सामान खरीद रहा था। तभी चोरों ने पलभर में बाइक उखा दी।ग्राम सुलतानपुर खास निवासी वीरेंद्र कुमार सोनी पुत्र अनिल कुमार अपनी बाइक दुकान के बगल खडी किए हुए था। अज्ञात चोर बाइक उडा दिए। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है।इसी क्रम में विगत दिनों ग्राम मिजार्पुर सुरेश चन्द्र के खेत में लगे जियो टावर का उपकरण अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। टावर के इंस्पेक्टर धारा सिंह यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इसी प्रकार ग्राम बुआपुर में रमेश चंद्र पुत्र स्वर्गीय राम जियावन का परिवार सोया था ।चोर छत के रास्ते दाखिल होकर कमरे में घुस कर सोना, चांदी के अभूषण और 28 हजार नगदी चोर चोरी कर ले गए। विगत 27 सब सितंबर की रात ग्राम रसूलपुर निवासी नीलेश कुमार पुत्र मुन्नी लाल का डी जे का सारा उपकरण चोरी करने का आरोप लगाते हुए चार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम अलीवृसिंहपुर में सुभाषचंद्र की हजारों की भैंस घर के सामने से चोरी। सुलतानपुर खास हाईवे पर एक निजिकरण अस्पताल के सामने से रंजीत यादव पुत्र बच्चा यादव प्रतापगढ़ निवासी की दिनदहाड़े बाइक चोरी। कस्बा के मोहल्ला मौलाना निवासी मुअज्जम अली की बाइक घर के सामने से चोरी। इसी प्रकार ग्राम पुरखीपुर निवासी रामचन्द्र बाइक से गदियानी चौराहे पर सब्जी लेने गया था। पलभर में चोर बाइक उडा दिए। इसी प्रकार एक पखवारे में एक दर्जन चोरियों का का खुलासा आज तक पुलिस नहीं कर सकी है।

## ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

मांडा बीडीओ ने ग्रामीणों को योजनाओ के बारे में दी विशेष जानकारी



**मांडा।** प्रदेश सरकार ने ग्रामीणों की बढ़ती समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए ग्राम पंचायत स्तर गांव की जन समस्याओं को मौके पर सुनकर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।सरकार द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण हेतु गाइड लाइन जारी होने पर विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत राजापुर व पयागपुर रमगढ़वा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को बीडीओ मांडा अमित मिश्रा व नवांगतुक एडीओ पंचायत मांडा रमा शंकर पाण्डेय ने उक्त ग्राम पंचायतो में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या को सुनी और सामूहिक विवाह, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, शौचालय, पीएम व सीएम आवास, दिव्यांग आवास योजनाओ के बारे जानकारी देते हुए। नए आवास की मांग पर बीडीओ मांडा ने बताया कि अभी नए आवास के लिए कोई पोर्टल नहीं खुला है। जैसे पोर्टल खुलता है पात्र लोगों को शौचालय, आवास मुहैया कराया जाएगा। बैठक में सचिव रवि शंकर सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजीव सिंह व पयागपुर रमगढ़वा प्रधान प्रतिनिधि के अलावा गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## मऊआइमा क्षेत्र में सघन विधुत चेकिंग अभियान के तहत कई दर्जन बाइपास चोरी करते धराए, क्षेत्र में हडकंप



**मऊआइमा।** विद्युत विभाग द्वारा सघन बिजली चोरी अभियान के तहत मऊआइमा क्षेत्र में दो दर्जन बाइपास कटिया से बिजली चोरी करने के आरोप में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जिससे क्षेत्र में हडकंप मचा हुआ है। जानकारी केमुताबिक ऊर्जा मंत्री एवं ऊ०प्र० सरकार द्वारा चलाए जा रहे हाई लॉस फीडर पर विद्युत विभाग आपके द्वार व विद्युत चोरी रोको अभियान के अंतर्गत उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार चिन्हित हाई लॉस फीडर (मऊदोस्तपुर एवं बागी) पर को ग्राम- मऊदोस्तपुर के यादव बस्ती एवं ग्राम- सराय केशव उर्फ बागी में दर्जन भर विद्युत चोरी करने वाले व तथा बकाएदारों जिनका केबिन काट दिया गया था ।बिना बिलों का भुक्ततान किए। बिजली का प्रयोग करते पाए लोगों के खिलाफ विभागीय करवाही कर सम्बन्धित थाने मे प्राथमिक दर्ज कराई गई ! अभियान मे विभाग के सभी अधिकारी अधिशासी अभियंता एसबी ठाकुर, एसडीओ नरेंद्र यादव, जेई संतोष कुमार यादव लाइनमैन विनोद कुमार,अजय कुमार,लालचंद्र, अशोक, सुरेंद्र आदि मौजूद थे । बताया गया है कि चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## जेके सुपर सीमेंट द्वारा संगोष्ठी का आयोजन



**जंघई।** जेके सुपर सीमेंट द्वारा पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर जंघई में शुक्रवार को ग्राहकों एवं राज मिस्त्रियों के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कंपनी के सेल्स अधिकारी लोकेंद्र त्रिपाठी एवं तकनीकी अधिकारी राहुल शर्मा द्वारा सीमेंट की गुणवत्ता एवं प्रयोग विधि हेतु विस्तृत विवरण देकर उपहार से सम्मानित किया गया।इसके अलावा जेके सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती के बारे में विस्तारपूर्वक कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, अशोक पांडेय, गामा पांडेय, संजय पांडेय, अंकित पांडेय, डाक्टर मिस्त्री, हेमंत, राजपति, सुनील, योगेश, गुड्डू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन







**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** शुक्रवार को श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज पटेल नगर अकोढ़ा कोंधियारा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जांच बीएमआई, हीमोग्लोबिन, किशोरी सुरक्षा योजना, महावारी के दौरान साफ सफाई, लिंग हिंसा एवं तम्बाकू मादक पदार्थों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन तथा टैबलेट वितरण किया गया।साथ ही आईसीडीएस विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के पोषण खाद्य पदार्थों का स्टाल लगाकर उसके बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर भोलानाथ पाल,डॉ सुनील सिंह,प्रमोद, देवेंद्र, लैब टेक्नीशियन विजय कुमार सिंह,विकास सिंह,किशोर स्वास्थ्य काउंसलर विनोद सिंह एवं आईसीटीएस काउंसलर ज्योति यादव उपस्थित थी। इसके अतिरिक्त एनम एवं आईसीडीएस से मुख्य सेविका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थी।कार्यक्रम के अंत में छात्र/छात्राओं से प्रतियोगिता भी कराया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौंधियारा के अधीक्षक डॉ पंकज कुमार पवन के संयोजन से तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ की मौजूदगी में कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी समर बहादुर सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ला ने किया।

## रजिस्ट्रार दफ्तर में एग्रीमेंट व बैनामे के नाम पर वसूली करने का आरोप

**कोरांव।** कोरांव में इन दिनों रजिस्ट्री कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना सुविधा शुल्क दिए जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कार्य करना मुनासिफ नही समझते हैं ।बैनामे की मूल प्रति हो या एग्रीमेंट रजिस्ट्री व अनुबंध कराने वाले लोगों की बातों पर गौर किया जाए तो रजिस्ट्रार के द्वारा बिना सुविधा शुल्क लिए रजिस्ट्री अथवा अनुबंध की मूल प्रति नहीं दी जाती है। अधिवक्ता हों या बैनामा लेने वाले लोग रजिस्ट्रार के इस रवैये से आक्रोशित हैं। रजिस्ट्री दफ्तर कोरांव में लूट खसोट मची हुई है।प्रत्येक बैनामें व अनुबंध पर रजिस्ट्रार के द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। पवन सोनकर निवासी कुकुरहटा के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा बिरहा निवासी रमेश पटेल की जमीन 40 40 मीटर अनुबंध कराया। अनुबंध के बाद रजिस्ट्रार के द्वारा पांच हजार रुपए सुविधा शुल्क की मांग की जाने लगी न देने पर वह मूल प्रति नहीं दिए। कहा जब तक सुविधा शुल्क नहीं देंगे तब तक मूल प्रति नहीं दूंगा। इसी तरह भूप नारायण सिंह निवासी कोसफरा ने अपनी भूमि का अनुबंध गेंद लाल निवासी बसहा को किया है। जिसकी भी मूल प्रति रजिस्ट्रार के द्वारा नहीं दी जा रही है। वे लगातार सुविधा शुल्क की मांग कर रहे हैं। रजिस्ट्री दफ्तर के इस रवैये से रजिस्ट्री कराने वाले लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने जनपद के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मनमाने रजिस्ट्रार पर कार्यवाही की मांग की है। रजिस्ट्रार कोरांव भूपेंद्र कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आरोप कोई कुछ भी गोल मटोल जवाब देते हुए कुछ बताने से इनकार कर गए।

# रामलीला मैदान में अतिक्रमण से आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज में रामलीला मैदान में किए गए अतिक्रमण को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। लोगो ने मामले की शिकायत स्थानीय सांसद, विधायक के साथ जिला अधिकारी से भी किया लेकिन राजस्व विभाग के सौतेले व्यवहार की वजह से रामलीला मैदान अभी भी अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाया। हनुमानगंज जीटी रोड किनारे रामलीला मैदान है। जहां वर्षों से रामलीला होती चली आ रही है जीटी रोड चौड़ीकरण के दौरान लोगों ने अपनी गुमटी व अन्य सामान को रामलीला पार्क में ही रखकर अवैध कब्जा जमा लिया। जिसकी शिकायत रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार केसरवानी ने राजस्व विभाग से की पर कोई भी अवैध आक्रमण हटाने नहीं आया। तब स्थानीय सांसद व विधायक से गुहार लगाई गई जिसके बाद भी राजस्व कर्मियों के कानो पर जू तक नही रेगी फिर मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई। शुक्रवार को राजस्व टीम जेसीबी के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची कई लोगों का अवैध अतिक्रमण हटाया गया लेकिन एक रसूखदार की गोमती को राजस्व विभाग हटाना मुनासिब नहीं समझा जिसकी वजह से रामलीला कमेटी के सदस्यों व स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द रामलीला मैदान अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर चक्का जाम करने को रामलीला कमेटी के सदस्य मजबूर होंगे। कई दिनों लालापुर क्षेत्र की पाईप लाईन खराब होने की वजह से नहीं मिल रहा पानी।

## बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा में भारतीय सेवा की अहम भूमिका

**बाबूगंज।** देश की सेवा व सुरक्षा के लिए प्रत्येक नागरिकों को सदैव तत्पर रहना चाहिए। भारतीय सेना में जाकर व्यक्ति को जहां मातृभूमि के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का अवसर मिलता है वही देश की सुरक्षा में भी वो अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। उक्त बातें शुक्रवार को बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में में बच्चों को सम्बोधित करते हुए सूबेदार डीसी चौरसिया ने कही। बच्चों को देश सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा की प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के विभिन्न पहलुओं से बच्चों को अवगत कराते हुए उनके मन में देश सेवा का भाव उत्पन्न करना है। इस दौरान सूबेदार डीसी चौरसिया द्वारा कक्षा 12 की छात्रा दीक्षा मिश्रा कक्षा 11 के करण चौरसिया, कक्षा 10 की छात्रा हेमा यादव,मो इमरान व कक्षा 9 की छात्रा नीतू पाल को उपहार भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर डीके पटेल, अजय कुमार,नीलम पाल, चंद्रभान, उपासना यादव, इंदु त्रिपाठी, सविता चौरसिया,प्रतिभा पांडे,उषा राय व विधालय के प्रबंधक विजयपाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमान्य विद्यालय हुए संचालित तो होगा एफआईआर

**प्रयागराज।** खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉ प्रभा शंकर पाण्डेय के द्वारा कहा गया कि ब्लॉक धनूपुर में यदि कोई भी बिना मान्यता के विद्यालय संचालित होने की सूचना प्राप्त होती है तो सर्वप्रथम उनके संचालनकर्ता के विरुद्ध संबंधित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जायेगी और साथ में एक लाख रुपये तक का अर्थ दंड भी लगाया जाएगा। डॉ पांडेय ने अपने सेवित विकास खंड में भ्रमण कर-के यह सुनिश्चित किया कि वर्तमान समय में कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित नहीं हो रहे हैं इस संबंध में उन्होंने नोडल शिक्षक संकुल, शिक्षक संकुल,एआरपी व विकास खण्ड के सभी प्रधानाध्यापकों को आदेशित किया कि उनके न्याय पंचायतो में व उनके विद्यालयो के अगल-बगल कोई भी अमान्य विद्यालय संचालित हो रहे हैं तो इसकी सूचना बिना किसी देरी के देना सुनिश्चित करें ताकि उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

# नकली दवाएं किसी भी दशा में न बिकने पाए : सभापति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के जनपदों में खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के प्रचलन से जनजीवन की स्वास्थ्य समस्याओ पर रोकथाम हेतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद समिति की बैठक शुक्रवार को सर्किट हाउस सभागार में संपन्न हुई। समिति के सभापति अरुण कुमार पाठक ने प्रयागराज मंडल के जनपदों प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में खाद्य सुरक्षा एवं नकली दवाओं के रोकथाम से संबंधित जनपद स्तर पर स्टीयरिंग कमेंटी की बैठक नियमित रूप से निर्धारित एजेंडे के अनुसार किए जाने के निर्देश दिये। बैठक में समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं नकली दवाओं से संबंधित मुकदमों एवं लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों के स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय बैठकों में ऐसे प्रकरणों की समीक्षा भी किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों को निर्धारित अवधि में निस्तारित कराई जाने के भी निर्देश दिए। समिति द्वारा मानक के विपरीत पाए गए नमूनों के सापेक्ष संबंधित दुकानों/प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार कराए जाने पर भी जोर दिया गया। समिति द्वारा नकली दवाओं, मेडिकल स्टोर्स, मेडिसिन फैक्ट्री, ब्लड बैंक एवं पैथोलॉजी सेंटरों

### नकली दवाओं, मेडिकल स्टोर्स, मेडिसिन फैक्ट्री, ब्लड बैंक एवं पैथोलॉजी सेंटरों व खाद्य पदार्थों की नियमित एवं आकस्मिक जांच कराएं




की नियमित एवं आकस्मिक जांच कराए जाने के साथ ही नकली दवाएं किसी भी दशा में बिकने न पाए इसके लिए ठोस मेकैनिज्म बनाए जाने, नारकोटिक्स एवं नींद आदि की दवाओं के दुरुपयोग एवं क्रय-विक्रय पर पूरी तरह नजर रखे जाने के साथ ही उनके रिकॉर्ड्स रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। मेडिकल स्टोर्स एवं दवा बनाने वाली फर्मों के लाइसेंस की नियमानुसार जांच एवं मानक के विपरीत पाए जाने वाली दवा की दुकानों व प्रतिष्ठानों के खिलाफ अब तक किए गए कार्रवाई के विषय में भी जानकारी ली गई। आयुर्वेदिक दुकानों पर अधिकृत दवाइयों के ही बिक्री सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभापति अरुण कुमार पाठक ने निर्देशित किया कि मरीजों को बाहर की दवाएं लिखने वाले डॉक्टरो व फार्मासिस्टों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें भी ऐसे कार्यवाहियों से अवगत कराया। समिति द्वारा जनपदों में अवैध एवं नकली शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों के विषय में भी जानकारी दी गई। खाद्य एवं रसद विभाग के सस्ते गल्ले की दुकानों से दिए जाने वाले खाद्यान्न तथा आंगनबाड़ी के टेक होम राशन की गुणवत्ता की जांच के विषय में जानकारी लेने के साथ ही इनके गुणवत्ता की समय= पर जांच करने के भी उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में मिड डे मील में बच्चों को मिलने वाले खाने व अस्पतालों में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की लगातार जांच करते रहने के निर्देश दिए है। सभापति द्वारा मान्यता प्राप्त समस्त नर्सिंग होम्स में पंजीकरण संख्या, बेडों की संख्या एवं चिकित्सकों के नाम आदि विवरण स्थाई रूप से अंकित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यगण अक्षय प्रताप सिंह, श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, विशेष सचिव सहित मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एडीएम सिटी मदन कुमार तथा जनपदो के संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बास पर लटका कर पत्नी का शव ले जा रहे परिवार की लोगो ने मदद की



**झूंसी।** थाना क्षेत्र में एक विचलित कर देने वाली तस्वीर सामने आई आर्थिक तंगी की वजह से परिजन महिला के शव को बास के सहारे लटका कर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। जब उसपर लोगो की नजर पड़ी तो लोग दंग रह गए। परिवार की आप बीती सुनने के बाद लोग उसकी मदद को आगे आये। तभी पुलिस भी पहुच गई और पुलिस ने ई रिक्शा से शव को श्मशान घाट भिजवाया। वाराणसी कपसेठी बनकट निवासी मैनेजर अपनी पत्नी, दामाद, बेटी के साथ भीख मांग कर गुजारा करते है। त्यौहार की वजह से वह सभी हफ्ते भर पहले झूंसी के नीबी गांव में आकर टेंट तंबू लगाकर रहने लगे। इस दौरान उसकी बेटी सुनीता 26 की तबियत खराब हो गई। पैसे की तंगी की वजह से उसका इलाज करने के बजाय झाड़फूंक करवा रहे थे शुक्रवार को सुनीता की मौत हो गई परिजनों के पास उसके अंतिम संस्कार के लिए भी पैसे नहीं थे। तो उसका पिता मैनेजर पति नखड्डू अनीता के शव को एक चद्दर में बांधकर बास के सहारे लटका कर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे नीबी से 6 किलोमीटर झूंसी कॉलोनी के सामने जब पहुंचे तो इन पर लोगों की नजर पड़ी। हर कोई यह नजारा देखकर दंग रह गया लोगों ने परिवार को रोका और घटना की जानकारी ली। जब परिजन आप बीती सुनाई तो वहां मौजूद लोगों का कलेजा पसीज गया। लोग उसकी मदद को आगे आये। 100, 500 कर लोगो ने पांच हजार रुपये इकट्ठा कर पीड़ित परिवार को दिया तभी चौकी इंचार्ज छटनाग नवीन सिंह भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने ई रिक्शा से शव को दारागंज घाट पर अंतिक संस्कार के लिए भिजवाया।

## बलिदानियों के परिवारों का त्याग भी सर्वोच्च - गंगा मिश्रा

**मेजा ब्लॉक में मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत अमृत कलश संग्रहण कार्यक्रम आयोजित**



**मेजा।** शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश में मिट्टी संग्रहण का कार्यक्रम विकास खंड मेजा में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख गायत्री मिश्रा और उनके प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र रहे।कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ला ने किया।मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने देश की आजादी में अपने प्राणों की बाजी लगाकर शहीद हुए वीरों को याद करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सेना और सैनिकों के सम्मान में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया और कहा कि बलिदानियों के परिवारों का त्याग भी सर्वोच्च है। भाजपा हमेशा सैनिकों सम्मान में न्योछावर रहती है।इस कार्यक्रम से देश के नागरिकों को उनके प्रति सम्मान की भावना जागृत होगी।इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।पास स्थित श्रीमती राजवंती देवी बालिका इंटर कालेज की 12 वीं की छात्राओं लता शुक्ला,आरती पटेल,प्रियांशी कुशवाहा और खुशनुमा बानों ने मुख्य अतिथि का स्वागत गीत से स्वागत किया।इस मौके पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी मेजा सरिता सिंह, प्रबंधक अमित यादव,प्रधानाचार्य मंगला गुप्ता,समाजसेवी शेषमणि शुक्ला,सहायक विकास अधिकारी(पंचायत)अखिलेश तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (समाज) सुशांतु पाण्डेय,बीडीसी राकेश तिवारी,सचिव राजेश तिवारी,प्रधान मो 0काजी,भाजपा मंडल मंत्री संजय तिवारी,महेश सोनी, प्रधान पंकज राव,आशुतोष मिश्र,राहुल मिश्र और मयंक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## भव्यता से निकला कर्णघोड़ा जुलूस, दर्जनों झांकिया भी शामिल



**नैनी।** नैनी में लाइट और साउंड के माध्यम से आयोजित होने वाली सार्वजनिक रामलीला का आगाज शुक्रवार से हो गया है। रामलीला समिति, पीएसी ग्राउंड नैनी से शुक्रवार को बड़ी भव्यता के साथ कर्णघोड़ा जुलूस निकाला गया। ध्वज पताका और भगवान गणेश की अगुवाई में निकले जुलूस में दर्जनो कलात्मक चौकियों अपना प्रदर्शन करते हुए।रामलीला मैदान से शुरू होकर शनि मंदिर चौराहा, चक भटाही, अरैलमोड, कॉटन मिल तिराहा, नैनी बाजार, स्टेशन रोड, हनुमान नगर, मेवालाल की बगिया और सब्जी मंडी होते हुए पुनः रामलीला ग्राउंड में जाकर समाप्त हुई। कर्ण घोड़ा शोभायात्रा में बाबा महाकाल, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण,काली स्वांग समेंत एक दर्जन झांकियां शामिल थी महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, अजय कुमार श्रीवास्तव, सोनू यादव, आकांक्षा जायसवाल, दिलीप केसरवानी, अजय मिश्रा, हरे कृष्ण तिवारी,धर्मराज पटेल,गुड्डु गुडविल गैरेज, मोनू जायसवाल, दिनेश केसरवानी, दीपांशु केसरवानी, पिंटू जैन, पंकज,संजय केसरवानी सीमेंट वाले, सिद्धार्थ पांडेय, मनोज सिंह, सोनू तिवारी, नाजिम खान, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## महापौर ने अधूरे कार्यो को पूरा करने का दिया निर्देश



**प्रयागराज।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने गुरुवार को कीडगंज कैंप कार्यालय में आये हुए फरियाफियो की समस्या सुनी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अधूरे कार्यो को पूरा किया जाय, खास कर विस्तारित क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क आदि संबंधित कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने रामदल व रामलीला होने वाले स्थानों पर साफ सफाई कराने का भी आदेश दिया। इस दौरान पार्षद राम मिलन पासी, मुकेश लारा, सियाराम मौर्य, आकाश सोनकर, शिवनारायण यादव, विवेक अग्रवाल, सुभाष वैश्य, संस्कार, आयुष अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-4 का शुभारम्भ आज

**अखंड भारत संदेश**

**पुलिस लाइन से निकाली जायेगी रैली तथा जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रमों का किया जायेगा आयोजन**

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता व पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को संगम सभागार में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु आज से प्रारम्भ हो रहे मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-4 के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मिशन शक्ति विशेष अभियान के अन्तर्गत 14 अक्टूबर को प्रातः 08:30 बजे से पुलिस लाईन से महिला सशक्तीकरण रैली निकाली जायेगी, जिसमें स्कूली छात्राएं, आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अलावा पीआरबी वाहन एवं एम्बुलेंस भी शामिल होंगी। रैली विभिन्न स्थलों से निकलती हुई जिला पंचायत परिसर में समाप्त होगी। तत्पश्चात जिला पंचायत सभागार में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री जी के द्वारा 14 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:00 बजे लोकभवन, लखनऊ में



मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-4 का शुभारम्भ किया जायेगा, जिसका सजीव प्रसारण किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने मिशन शक्ति अभियान से सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का पूरे मनोयोग से निर्वहन करते हुए मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम को व्यापक ढंग से सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिए है। मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत गृह विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग एवं पंचायतीराज विभागों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। अभियान के अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महिला सशक्तीकरण से सम्बंधित योजनाओं का व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। पुलिस विभाग के द्वारा महिला सशक्तीकरण से सम्बंधित योजनाओं एवं प्रमुख कानूनों के बारे में जन-जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। महिला हिंसा तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर के सम्बंध में जानकारी प्रदान की जायेगी। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकरी नवनीत सिंह चहल ने बैठक में मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से कराये जाने के लिए कहा है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त पवन कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बेटी पढ़ाओ बेटी बजाओ कार्यक्रम सम्पन्न


**झूंसी।** अन्दावाँ स्थित न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल एंड कालेज में शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की केंद्र प्रशासिका निलेशा यादव ने बेटियो के पढ़ाने पर जोर दिया। रुचि शुक्ला, प्रीती मिश्रा, प्रियंका यादव,अमृता सिंह ने भी बेटियो की दशा सुधारने पर अपनी बात रखी। छात्राओं को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नृत्य, गायन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रबन्धक रोमिला रस्तोगी, रुझान रस्तोगी, शुभि रस्तोगी, विकास केलकर, प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव, विकास पुराणिक, आरती शुक्ला, तौसीफ इकबाल, सुनील मिश्रा आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में एमबीबीएस की छात्रा ने लगाई फांसी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की एक छात्रा ने शुक्रवार को फांसी लगा ली। सुबह से ही उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। देर शाम तक दरवाजा नहीं खुला, तो हॉस्टल में रहने वाली छात्राएं उसके कमरे के पास पहुंची। खिड़की के अंदर से झांक कर देखा तो वह फंदे से लटक रही थी।छात्राओं ने फौरन प्रिंसिपल को इसकी सूचना दी। जिसके बाद प्रिंसिपल ने पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने शव को फंदे से उतार दिया है। मेडिकल कॉलेज की ओर से परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**2020 बैच की एमबीबीएस छात्रा थी :** श्रुति श्रीवास्तव 2020 बैच की एमबीबीएस छात्रा थी। मेडिकल कॉलेज के कैंपस में बने गर्ल्स हॉस्टल में रहकर डॉक्टरी की पढ़ाई करती थी। वह मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली थी। उसके पिता का नाम मनोज श्रीवास्तव है। हॉस्टल में रहने वाली अन्य छात्राओं ने बताया कि श्रुति का कमरा सुबह से ही अंदर से लॉक था। कुछ छात्राओं ने दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा न खुलने से लगा कि वह सो रही है।



लेकिन देर शाम तक जब उसका दरवाजा नहीं खुला तो अनहोनी की आशंका हुई। छात्राओं ने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर उसकी लाश फंदे से लटक रही थी।

**कमरे में नहीं मिला कोई सुसाइड नोट :** उन्होंने फौरन इसकी सूचना हॉस्टल वार्डन को दी। जिसके बाद प्रिंसिपल और पुलिस को भी बुलाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि उसने इस तरह का कदम क्यों उठाया? उसके कमरे से अभी तक कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल फोन अपने कब्जे में लिया है। सीएमओ डॉक्टर आशु पांडेय भी मौके पर पहुंचे थे।। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से छात्रा बहुत तनाव में थी। वह कमरे में गुमसुम रहती थी।

**श्रुति के बैग से दवाएं मिली :** सुसाइड करने वाली छात्रा श्रुति के बैग से कुछ दवाईयां भी मिली हैं। जिसे फोरेंसिक लैब की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। तीन दिन पहले ही उसकी रूम मेट ने वार्डन को आवेदन कर अलग कमरे की मांग की थी। उसने यह भी बताया था कि श्रुति की वजह से उसकी पढ़ाई डिस्टर्ब हो रही है। इसके बाद तीन दिन पहले ही उसे दूसरे कमरे में अलग शिफ्ट किया गया था।

**प्रिंसिपल बोले- डिप्रेशन में थी :** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसपी सिंह के अनुसार श्रुति श्रीवास्तव टाइइर थर्ड ईयर की छात्रा थी। पता चला है कि वह मानसिक रूप से परेशान थी। डिप्रेशन की भी दवा चल रही थी। उसके परिवार के लोग 2 दिन पहले ही प्रयागराज उससे मिलने आए थे। वह आज सुबह 8 बजे तक हॉस्टल के बरामदे में टहलती हुई अन्य छात्राओं को दिखी थी। उसके बाद से वह नजर नहीं आई। छात्राओं के मुताबिक, वह परेशान दिख रही थी। परिवार के लोगों को इसकी सूचना दे दी गई है।

# गड़ौली धाम में अंतरराष्ट्रीय दीपोत्सव के साथ होगी अयोध्या की रामलीला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पवित्र गड़ौली धाम तीर्थ क्षेत्र (काशी क्षेत्र) में महीने भर से अधिक के धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहे हैं। 15 अक्टूबर से रामलीला का आयोजन से अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा जिसका समापन 25 नवम्बर को होगा समापन से एक दिन पहले 24 नवम्बर को तुलसी विवाह व अंतरराष्ट्रीय दीपोत्सव का भव्य आयोजन होगा। इन अनुष्ठानों के बीच में रमेश भाई ओझा की कथा होगी। जिसमें प्रयागराज से भारी संख्या में लोगों की सहभागिता होंगीभाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि ओ.एस.बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील भाई ओझा के मार्ग दर्शन में गड़ौली धाम तीर्थ में सम्पूर्ण नवरात्री सुप्रसिद्ध रामलीला का मंचन होगा। अयोध्या से आए मंझे कलाकारों की मण्डली द्वारा रामलीला की प्रस्तुति की जाएगी। 15 अक्टूबर को गणेश पूजा से रामलीला मंचन की शुरूआत होगी। फिर दिनवार राम जन्म, ताड़का वध,धनुष यज्ञ, राम वन गमन, सीता हरण, लंका दहन, रामेश्वर स्थापना, लक्ष्मण शक्ति होगा। आखिरी दिन 24 अक्टूबर को दशहरा मेला, राम-रावण युद्ध व रावण दहन का आयोजन होगा। इस धाम तीर्थ में गत वर्ष भी रामलीला का आयोजन हुआ

**प्रयागराज के लोगों की होगी सहभागिता**

**अन्तर्राष्ट्रीय कथाकार पूज्य रमेश भाई ओझा करेंगे कथा, होगा तुलसी विवाह का आयोजन**

**धाम में 15 अक्टूबर से शुरू हुए धार्मिक अनुष्ठान का 25 नवम्बर को होगा समापन**




था। प्रभु श्रीराम के भक्तों की भारी संख्या देखने को मिली थी। दैनिक रूप से स्थानीय ग्रामवासी व सुदूर से चलकर हजारों दर्शक प्रभु श्रीराम की लीलाओं का मंचन देखने आये थे। इस वर्ष प्रयागराज यमुनापार, महानगर, गंगापार से भारी हूजूम की सहभागिता होंगी भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने एक वृहद कार्ययोजना के साथ कार्यकताओं एवं आम जनमानस के कार्यक्रम में जाने हेतू योजना को मूर्त रूप देने की योजना बना रहे है। मंच व्यवस्था व टेंट लगने का कार्य प्रगति पर है। सबको विदित हो कि नवम्बर माह में अन्तर्राष्ट्रीय कथाकार पूज्य रमेश भाई ओझा के श्रीमुख से रामकथा 'शिव चरित' का श्रवण सभी भक्तगण कर सकेंगे। यह 9 दिनों का आयोजन होगा। 18 से 25 नवम्बर तक तीर्थ धाम गुलजार रहेगा। साथ ही 24 नवम्बर को तुलसी विवाह एवं अन्तर्राष्ट्रीय दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें भी सम्मलित होने के लिए सभी को निमंत्रण भेजा जा रहा है।

## न्यूज झरोखा...

### प्रयागराज की मंतशा जावेद को मिला बेस्ट रैंप मॉडल अवार्ड



**प्रयागराज।** लखनऊ में मल्लिका ए अवध की तरफ से आयोजित अवार्ड एवं फैशन शो में प्रयागराज की मंतशा जावेद को बेस्ट रैंप मॉडल अवार्ड से नवाजा गया। टीवी अभिनेत्री परिधि शर्मा (जोधा अकबर टीवी सीरियल फेम) ने उन्हें अवार्ड देकर सम्मनित किया। प्रयागराज शहर से निकल कर मॉडलिंग की दुनिया मे एक अलग कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई शो में प्रतिभाग कर चुकी है। अभी भारत सरकार के खादी फैशन शो प्रोजेक्ट को सुचारू रूप से कर रही है। इस मौके पर निर्देशक/ निमार्ता अरविंद यादव ने बधाई दी। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश फिल्म बंधु के उपनिदेशक दिनेश सहगल एवं नेशनल अवार्डी अभिनेत्री अनिता सहगल तथा श्वेता तिवारी ने भी बधाई दी।

### डॉ. बब्लू सोनकर को सीएससी मेजा की सौंपी गई कमान, ग्रहण किया कार्य भार



**मेजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के नए अधीक्षक डॉ. बब्लू सोनकर ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने निवर्तमान अधीक्षक डॉ. ओमप्रकाश से पदभार लिया। वहीं निवर्तमान अधीक्षक ओमप्रकाश को सीएससी रामनगर का अधीक्षक बनाया गया है। प्रयागराज के मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डा. आशू पाण्डेय ने 13 अक्तूबर को डॉ. ओमप्रकाश को रामनगर,डॉ. समीम को कोरांव का अधीक्षक और डॉक्टर बब्लू को मेजा का प्रभारी बनाया है।वहीं शुक्रवार को ए सीएमओ डॉक्टर ऋतुराज और डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अतुल श्रीवास्तव ने डॉ.बब्लू सोनकर को डॉ. ओमप्रकाश से चार्ज दिलाया। नए चिकित्साधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्था में कसावट और उपलब्ध सुविधाओं, संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करने की बात कही। गौरतलब है कि डॉ. बब्लू सोनकर विगत लगभग 10 वर्षों से कार्यरत हैं।उनको यहां का काफी अनुभव है।उन्होंने कोरोना संकट की घड़ी में भी उन्होंने कोविड वार्ड विकसित कराने के साथ मरीजों के उपचार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया। निश्चित तौर पर अस्पताल की व्यवस्थाओं में और सुधार होगा।

### यूसीईआर की एनएसएस इकाइयों ने निकाली अमृत कलश यात्रा



**नैनी।** नैनी में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत, इलाहाबाद विश्व विद्यालय (एयू) से संबद्ध यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर), नैनी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई 64 ,65, 66 ने शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया। यात्रा का आयोजन यूसीईआर से यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) कॉलेज तक किया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारियों के साथ कलश में चावल और मिट्टी एकत्र किया। यूआईपी स्थित अमृत वाटिका में स्वयंसेवकों ने तुलसी, मंगरैल, इलायची और अदरक सहित अन्य औषधीय पौधे लगाए और पंच प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिव्या बरतारिया ने बताया कि कार्यक्रम में एनएसएस की तीनों इकाइयों के सभी कार्यक्रम अधिकारियों और उसके स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन एयू के कार्यक्रम अधिकारी (एनएसएस) डॉ. राजेश गर्ग के मार्गदर्शन में किया गया।

### स्व ज्ञान सिंह यादव कोटेदार स्मारक कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन, फाइनल मैच में कौशांबी रही विजेता



**घूरपुर।** हार जीत एक ही पहलू के दो सिक्के है, कभी हार तो कभी जीत लगा रहता है इसलिए हार मानकर भी निराश नहीं होना चाहिए दोबारा परिश्रम करना चाहिए उक्त बातें ग्राम प्रधान सेंधुवार सूरज यादव ने स्व ज्ञान सिंह यादव कोटेदार स्मारक कबड्डी प्रतियोगिता में कहीं। ग्राम सेंधुवार में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें बनारस, लखनऊ, नैनी, मिजार्पुर सहित 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें 14 टीमों को हार का सामना करना पड़ा जबकि फाइनल में कौशांबी व प्रयागराज की टीम को सफलता मिली जिसका फाइनल शुक्रवार को संपन्न हुआ जो कौशांबी और प्रयागराज के बीच खेला गया जिसमें कौशांबी विजेता हुई और प्रयागराज उप विजेता हुई । विजेता टीम और उपविजेता टीम को ग्राम प्रधान सूरज यादव, आचार्य हरि कृष्णा शुक्ला, संयोजक मुकेश द्विवेदी समाजसेवी, धानी यादव,ई.अतुल यादव पत्रकार,बृजेशानंद महाराज, द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया जबकि इस मौके पर आशुतोष, रामबाबू, विनय सिंह ,शेरा यादव, योगेश यादव,मो.आरिफ? पत्रकार, परवेज आलम आदि लोग उपस्थित रहे ।

### व्यापारियों ने पीडीए के अधिकारी को दिया ज्ञापन



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शुक्रवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम पहुंची। टीम मलहरा रेलवे क्रासिंग एवं हनुमान नगर में नाप करने लगी तो वहां हड़कंप मच गया। पीडीए ने स्टेशन रोड स्थित मस्जिद एवं आसपास 15 मीटर का लाल निशान लगाया। चिन्हीकरण की सूचना पर हनुमान नगर पहुंचे व्यापारी नेताओ ने ज्ञापन देकर 15 मीटर की जहग लेप्रोसी से स्टेशन तक 12 मीटर एवं नैनी स्टेशन से मेवालाल की बगिया तक 6 मीटर चौड़ीकरण करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष धनश्याम जयसवाल, अशोक अग्रवाल रमेश केसरवानी, लल्लू गुप्ता, विशाल गुप्ता, धर्मराज पटेल, माधव विश्वकर्मा, फूलचंद केसरवानी, ज्ञान जायसवाल, राजू अग्रवाल, लखन केसरवानी, कल्लू चौरसिया, मुन्ना पटेल समेंत दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।

### ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न



**मेजा।** शुक्रवार को लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज मेजा में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंग प्रसाद मिश्र,विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी अवनीश मिश्रा एवं जिला कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज मनीष तिवारी रहे। संचालन जिला मंत्री विशिष्ट बीटीसी श्री नारायण त्रिपाठी और अध्यक्षता बीईओ मेजा कैलाश सिंह ने किया। प्रतियोगिता में यूपीएस पथरा ओवर ऑल चैंपियन रहा।जिसमें सामूहिक पीटी, लेजियम,डम्बल,राष्ट्रीय गीत शामिल है। ऊंची कूद में पीएस पिपरांव के शिवकांत ने प्रथम स्थान, अमित कुमार पथरा 100मीटर दौड़ में प्रथम, 200 मीटर में धीरज पीएस सुनन्दा का पूरा प्रथम,अनस 100मीटर मेजा प्रथम, शिवकांत पीएस पिपरांव 200मीटर,400मीटर दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता कुशलता पूर्वक संपन्न होने के लिए ब्लॉक व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पाण्डेय को अतिथियों ने बधाई साधुवाद दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षक भूपेंद्र सिंह,विकास पाण्डेय, महेश तिवारी,रविंद्र मोहन,प्रवीण द्विवेदी,रामराज वर्मा,वीना सिंह,राजकुमार,कैलाश,गिरीश तिवारी,गोपाल कृष्ण ,संदीप तिवारी, लोकेंद्र मिश्रा ,विनय दुबे आदि शिक्षक रहे।

## विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर क्यू आर कोड स्कैन का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने 13 अक्टूबर को विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आपदा के दौरान क्या करें, क्या न करें के क्यू आर कोड स्कैन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया की विभिन्न आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्य तथा आपदा के समय व्यक्ति क्या करे,क्या न करे इसकी जानकारी क्यू आर कोड स्कैन करने पर तुरन्त मिलेगी। यह पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें क्या न करें विषय पर जनमानस को जागरूक करने के लिए क्यू आर कोड बनाया है। जनपद में ज्यादातर बाढ, अग्निकांड, वज्रपात अतिवृष्टि, जल में डूबना, सर्पदंश आदि आपदाओं से लोग प्रायः प्रभावित रहते हैं। जनमानस को आपदाओं के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ अनुपम शेखर तिवारी व अन्य संबंधित उपस्थित रहे। विश्व आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर तहसीलों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों आदि स्थानों पर संवाद रैली,बैठक के माध्यम से आपदा जोखिम न्यूनीकरण व विभिन्न आपदाओं के दौरान क्या करें क्या न करें के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।




क्यूआर कोड स्कैन का शुभारंभ करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

### कोचिंग के लिए निकला छात्र नहीं लौटा घर, अपहरण का दर्ज हुआ मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थानान्तर्गत कटकावली गांव निवासी अजय सिंह पुत्र सालिकराम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र सत्रह वर्षीय अमित सिंह शुकुलपुर स्थित एक कॉलेज के अध्यापक से कोचिंग पढ़ता है। प्रतिदिन की तरह वह बारह अक्टूबर को भी दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अजगरा पूरे नेवाजी कोचिंग पढ़ने गया था। वापस न लौटने पर परेशान परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन किया लेकिन छात्र का कहीं पता न चल सका। परेशान पीड़ित परिवार ने पुलिस को छात्र के गायब होने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

## दिनदहाड़े तमंचे के बल पर आभूषण व्यवसायी से लाखों की लूट

### पीड़ित ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शुक्रवार की सुबह बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर सोने चांदी के आभूषण व्यवसायी के साथ लाखों की लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हडकंप मच गया। घटना को लेकर पीड़ित ने तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी है। इधर पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

स्थानीय नगर के शीतलमऊ वार्ड निवासी नंदलाल कौशल पुत्र शंभूनाथ कौशल गांव-गांव फेरी लगाकर सोने चांदी के बने आभूषणों का कारोबार करता है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे बाइक से धधुआ गाजन जा रहा था। आइन्सटीन पब्लिक स्कूल से करीब सौ मीटर पहले वह अपनी बाइक खड़ी करके लघुशंका करने चला गया। आरोप है कि इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे और पीड़ित व्यापारी की बाइक को लेकर जाने लगे। इसी बीच बदमाशों को बाइक ले जाते देख शोर मचाते हुए पीड़ित व्यापारी दौड़ा तो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसे धमकी दी। इससे व्यापारी सहम गया और बदमाश उसकी बाइक व उसमें रखे लाखों के सोने चांदी के आभूषण लेकर भाग निकले। पीड़ित के अनुसार बदमाश उसकी बाइक व बाइक की डिग्गी में रखा छः किलोग्राम चांदी व डेढ़ सौ ग्राम सोने से बना आभूषण लूट ले गये। पीड़ित के अनुसार इससे पूर्व भी उसके साथ तीन बार चोरी व लूट की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित ने कोतवाली आकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ घटना की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि मामले में सीसी फुटेज खंगाला जा रहा है और आसपास के लोगों से भी घटना के बाबत पूछताछ की जा रही है। लूट की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

## गोवंश आश्रय केन्द्र से बत्तीस मवेशी लाद ले गये पशु तस्कर

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। गोवंश आश्रय स्थल का गेट तोडकर पशु तस्कर डीसीएम वाहन से बत्तीस गोवंश लाद ले गये। घटना को लेकर गोवंश आश्रय स्थल के केयरटेकर ने शुक्रवार को लालगंज कोतवाली में तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे निर्मल गिरधर पूरे वीरबल में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बनाया गया है। पूरे वीरबल निवासी कमलेश कुमार द्विवेदी पुत्र संकठा प्रसाद द्विवेदी के अनुसार वह इस गोवंश आश्रय स्थल में केयरटेकर के रूप में कार्य करता है। कमलेश कुमार के अनुसार गोवंश आश्रय स्थल में वर्तमान में कुल एक सौ साठ मवेशी हैं। उसके अनुसार शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे वह गोवंश आश्रय स्थल पर पहुंचा तो वहां पूरे निर्मल गिरधर के तीन व्यक्ति अपने चार अन्य साथियों के साथ गोवंश आश्रय स्थल का गेट तोडकर अंदर मौजूद मवेशियों को दौडाते हुए डीसीएम पर लाद रहे थे। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपीगण डीसीएम पर लदे मवेशियों को लेकर बुढ़ियापुर मार्ग की ओर से भाग निकले। छानबीन के बाद गोवंश आश्रय स्थल में बत्तीस मवेशी कम पाये गये। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि आरोपीगण आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, इनसे उसे भी खतरा बना हुआ है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने में सहभागिता जरूरीः बीईओ

प्रतापगढ़। नगर के सहोदरपुर पूर्वी में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षा चैपाल का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय एसबी मौर्य ने कहा कि बुनियादी शिक्षा के ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए जनसहभागिता जरूरी है। छोटे बच्चों में सीखने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सरकार ने निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध लक्ष्य की प्राप्ति के अलग अलग गतिविधियां संचालित की हैं। शिक्षा चैपाल का भी यही उद्देश्य है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष मनोज पांडेय, मंत्री सुधीर सिंह, हेड मास्टर पूनम पाल, सभासद हेमलता सिंह और भाजपा नेता संजय सिंह मौजूद थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में वाराणसी की टीम रही विजेता

### मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्रीड़ा विभाग एवं कबड्डी एसोसिएशन के समन्वय से स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय सबजूनियर बालक वर्ग प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला वाराणसी और अमेठी हास्टल के बीच खेला गया, जिसमें 38-15 के अंतर से वाराणसी की टीम विजेता रही।

पहले सेमीफाइनल में वाराणसी ने गोरखपुर को 46-30 और दूसरे में अमेठी ने आगरा को 51-42 शिकस्त दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विशिष्ट अतिथि सीडीओ नवनीत सेहरा, उ.प्र. कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दी। पीके पांडेय, अवनीश राय, मनोज सिंह, दशरथ पाल, शशि सिंह, वीरेंद्र पाल, कन्हैया लाल, हुबलाल, कमलेश, निर्णायक रहे जबकि रवि प्रकाश सिंह, मो.आसिफ, शिखा सिंह, प्रशांत सिंह, मीतू सिंह, गोपी यादव, विनीत ने स्कोरिंग किया। क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज एवं जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आदित्य शुक्ल ने किया। सुशीला ओझा, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, जोनल इंचार्ज मो. अकरम, कर्मराज सिंह मंजीत, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, जूबाए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहित शुक्ल, महामंत्री सन्तोष सिंह, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी हॉकी अशोक पांडेय, लालजी त्रिपाठी, जेपी यादव, दुर्गेश तिवारी, रजत सक्सेना आदि मौजूद रहे।



कबड्डी प्रतियोगिता में विजयी वाराणसी के खिलाड़ी।



बीकाम पंचम सेमेस्टर की परीक्षा देते परीक्षाथी।

## एमडीपीजी कालेज में हुई बीकाम पंचम सेमेस्टर की परीक्षा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कॉलेज के वाणिज्य संकाय में विगत नौ अक्टूबर से चल रही द्वितीय सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा के पांचवें दिन आज बीकॉम पंचम सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में 147 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन एवं संकायाध्यक्ष डॉ सी एन पांडे की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में डॉ बलराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ आकांक्षा मिश्रा, सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी, आदि ने सहयोग किया। आज गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स एवं निगमीय लेखांकन की परीक्षा संपन्न हुई। डॉ0 पांडे ने बताया कि 14 अक्टूबर को बिजनेस फाइनेंस एवं मोनेट्री थ्योरी एंड बैंकिंग इन इंडिया की परीक्षा होगी।

## शिव बारात को ऐतिहासिक बनाने की रामलीला समिति ने बनाई रूपरेखा

### श्री रामलीला समिति की तैयारी बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ की एक बैठक गोपाल मंदिर में समिति के अध्यक्ष संजय खंडेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष होने वाले रामलीला, दशहरा, भरत मिलाप को संपन्न कराने की रूपरेखा बनी तथा निम्न पदाधिकारीयो को दायित्व सौपा गया और बैठक में कई प्रस्ताव भी पारित किए गए।

संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ने कहा कि 15 अक्टूबर से शिव बारात से ही रामलीला समिति का आगाज होगा। सभी पदाधिकारी भगवान भोलेनाथ के विवाह को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग करें। सभी समिति के पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व को बखूबी निभाकर भूत भावन भोलेनाथ माता पार्वती के विवाह को संपन्न कराए। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहां की प्रभु मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आशीर्वाद से ही हम सबको यह दायित्व मिला है सभी राम भक्त शिव विवाह से लेकर ऐतिहासिक भारत मिलाप को संपन्न करा कर अपने-अपने जीवन को सफल बनाएं। अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन मंत्री विपिन गुप्ता ने किया। 15 अक्टूबर को दोपहर 1:00 से शिव बारात गोपाल मंदिर से निकलकर चैक घंटाघर होते हुए निर्मल तिराहा से होकर नगर भ्रमण करते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर से वापस महुली से चिलबिला स्टेशन चैराहे पर भगवान भोलेनाथ माता पार्वती का विवाह संपन्न होगा।

विवाह संपन्न होने पर बारात गोपाल मंदिर आकर समाप्त होगी। बैठक में सुरेश अग्रवाल,संजय खंडेलवाल, दिनेश सिंह दिन्नू, विपिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, आशीष जायसवाल, प्रदीप केसरवानी, छेदीलाल, देवानन्द, जितेश कुमार, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चैरसिया, विपिन शर्मा, मनीष सिंह, अनिल केसरवानी, विनय सिंह, संजय जैन, पंकज मिश्रा, नितिन शर्मा, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, शीतला सोनी, राकेश सादवानी, अमन गुप्ता, सूरज कुमार, मनीष रावत, दीपेंद्र कुमार, विनय केसरवानी, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश खंडेलवाल, ओम कृष्णा पांडे, अभिषेक कश्यप, राज गुप्ता, अतिरेक कश्यप, यशु शर्मा, प्रिंस सोनी, अभिषेक गौतम, विवेक कुमार, वेंकटेश, शिवम गुप्ता, केशव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



श्रीरामलीला समिति की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी धराया

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थानान्तर्गत एक गांव की पीड़ित किशोरी की मां ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गुरूवार रात करीब ग्यारह बजे उसकी पन्द्रह वषीर्या पुत्री घर के अपने कमरे में सो रही थी। इसी बीच पूरे सूरजपुर खानीपुर निवासी शेर बहादुर सिंह पुत्र करन सिंह ने कमरे में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने कहीं शिकायत करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। एसओ निकेत भारद्वाज का कहना है कि आरोपित को शुक्रवार सुबह उदयपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

## संक्रामक रोगों से बचाव के लिये नगर पालिका ने मीरा भवन वार्ड में चलाया सफाई अभियान

### नाला क्लीनिंग मशीन से नाले-नालियों की सफाई के बाद एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शासन के निर्देश पर तीन अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चल रहे संक्रामक रोग महाभियान में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देशन में रोस्टर के अनुसार वार्डों में नाले-नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव व फागिंग की जा रही है।

इसी क्रम में शुक्रवार को मीरा भवन वार्ड में नाला क्लीनिंग मशीन व नाला गैंग द्वारा नाले-नालियों की सफाई कराई गई। इसके अलावा वार्ड की झाड़ियों की कटाई की गई तथा एंटी लार्वा का छिड़काव व शाम को फागिंग की गई। इस बारे में नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने नागरिकों से अपील किया है कि वह संक्रामक रोगों डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया से बचने के लिये अपने घरों के आसपास पानी का जमाव न होने दें तथा कूलर में पानी कई दिनों तक इकट्ठा न होने दें। मच्छरों से बचाव के लिये मच्छरदानी का प्रयोग करें क्योंकि बचाव ही इन संक्रामक रोगों से दूर रहने का सबसे अच्छा उपाय है। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र के लिये बेल्हा देवी मंदिर की सफाई के लिये 50 सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। इसके अलावा रामलीला मैदान की सफाई के लिये तथा इसकी गंदगी व कूड़ा हटाने के लिये जेसीबी लगाई गई है।



नालियों में दवा का छिड़काव करते नगर पालिका कर्मी।

### महिला की पिटाई पर आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थानान्तर्गत डीहमेंहदी बाबूगंज निवासी जमालुददीन पुत्र अब्दुल अजीज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दस अक्टूबर की शाम करीब साढे सात बजे उसकी बहू हुस्ना बानो मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदने जा रही थी। इसी बीच रास्ते में गांव की नाजिया पुरानी रंजिश को लेकर उसे गाली देने लगी। मना करने पर नाजिया ने नैना, आजाद, दिलशाद, शहबाज, रियासत के साथ मिलकर उसकी बहू को मारापीटा व धमकी दी। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि मामले में जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुर्गा पण्डालों के निर्माण के लिये अग्निशमन अधिकारी ने जारी की एडवाजरी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने नागरिकों को अवगत कराया है कि शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है जिसमें जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाएं सजायी जाती है। दुर्गा पण्डालों का निर्माण, सिन्थेटिक कपड़े से किया जाता है तथा विद्युत झालरों से सजावट की जाती है। प्रायः शार्ट सर्किट होने से आग लगने की सम्भावना बनी रहती है, इसलिये सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को अग्नि सुरक्षा व जीवरक्षा हेतु सुझाव जारी किये हैं जिसमें दुर्गा पण्डालों में विद्युत वायर कटे फटे व खुली अवस्था में न लगाये जाय और न ही इलेक्ट्रिक बोर्ड का उपयोग किया जाय।. दुर्गा पण्डाल में ऊपर से जाने वाले तारों में पण्डाल से 02 मीटर आगे व 02 मीटर पीछे तक प्लास्टिक की पाइप लगवाई जाय, ताकि तारों के आपस में टकराने से शार्ट सर्किट की सम्भावना न्यूनतम हो। पण्डालों की विद्युत वायरिंग, पण्डाल में लगे मूर्ति व कपड़े से कम से कम 06 इंच की दूरी पर किया जाय। दुर्गा पण्डाल की बल्लियां रोड को कम से कम 12 फिट छोड़कर लगायी जाय ताकि किसी भी दुर्घटना के समय फायर सर्विस का बड़ा वाहन/फायर टेण्डर आसानी से घटना स्थल तक पहुंच सके।दुर्गा पण्डालों में हैलोजन बल्बों का प्रयोग किसी भी दशा में न किया जाय, जिन बल्बों का प्रयोग किया जाय पण्डाल के कपड़े व मूर्ति से कम से कम 01 फिट की दूरी पर लगाया जाय। दुर्गा पण्डाल में सिन्थेटिक कपड़ों व नायलान की रस्सियों का प्रयोग न किया जय, केवल नारियल रस्सियों का ही प्रयोग किया जाय। एलपीजी गैस का प्रयोग किसी भी दशा में न किया जाय। जनपद के फायर स्टेशन का टेलीफोन नं0-9454418575, 9454418576 व 112 की लिखित पट्टिका जगह-जगह इस प्रकार टांगी जाय कि प्रत्येक व्यक्ति को आसानी से दिखायी दे। पण्डाल के स्थान पर धूम्रपान निषेध की पट्टिका लगायी जाय व इसकस कड़ाई से पालन किया जाय। सड़क पर आकस्मिक स्थिति में फायर टेण्डर के सुगम आवागमन हेतु केबिल एवं तारों की ऊंचाई 15 फिट से नीचे न रखा जाय। प्रत्येक दुगार्पूजा पण्डाल पर प्राथमिक अग्निशमन उपकरण ए0बी0सी0 टाइप 05/04 किग्रा0 क्षमता के 02 अदद, 02 ड्रम क्षमता 200 ली0 पानी, 02 बोरी सूखी बालू, 02 अदद बाल्टी पानी से भरी व 02 अदद बालू से भरी बाल्टी की व्यवस्था रखना नितान्त आवश्यक है, ताकि किसी भी दुर्घटना पर अग्निरोधक कार्य त्वरित गति से किया जा सके।

### दो ट्रकों की भिड़न्त में छात्रा व ट्रक चालक समेत दो घायल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के हाइवे किनारे स्थित फायर स्टेशन कार्यालय के सामने शुक्रवार सुबह छात्रा को बचाने में दो ट्रकों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गयी। घटना में छात्रा व एक ट्रक का चालक घायल हो गये। वहीं छात्रा की साइकिल व दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गये। घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। लालगंज कोतवाली के चैबे का पुरवा सलेम भदारी गांव की सूर्यभान वर्मा की पुत्री काजल 14 सुबह साढ़े सात बजे साइकिल से कस्बा स्थित एक स्कूल में पढ़ने आ रही थी। इधर लीलापुर थाना अन्तर्गत सरिस्ताबाद ताला निवासी सजन लाल यादव का पुत्र ओमप्रकाश यादव ट्रक लेकर हरियाणा जा रहा था। हाइवे पर स्थित फायर स्टेशन कार्यालय के सामने छात्रा को बचाने में ट्रक अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गयी। दुर्घटना में ट्रक की चपेट में आने से छात्रा व हरियाणा की ओर जा रहे ट्रक का चालक घायल हो गये।

## दवा विक्रेताओं ने बनाई आंदोलन की रणनीति

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव संगठन ने शहर के होटल स्नेह में बैठक करके आंदोलन की रणनीति बनाई। मीटिंग में संगठन के प्रदेश महासचिव विमेश कुमार मिश्र, यू डी उपाध्याय के साथ रीजनल कन्वीनर आशुतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

विमेश कुमार मिश्र ने आगामी 30 नवंबर को एफ एम आर ए आई के द्वारा आवाहन की हुई देशव्यापी हड़ताल पर संगठन की 8 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तार में चर्चा की। इस स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग में प्रतापगढ़ यूनिट के अध्यक्ष विकल पांडे, सचिव बीरपाल सिंह के अतिरिक्त यूनिट संरक्षक कामरेड राकेश शर्मा ,के पी सिंह ,विनय ओझा अतुल शुक्ला ,आशुतोष त्रिपाठी मौजूद रहे।




बैठक में मौजूद मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव संगठन के पदाधिकारी।

### बाले सिंह के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। आज जिला सहकारी बैंक लि. प्रतापगढ़ की प्रबंध समिति ने बैंक मुख्यालय पर स्मृतिशेष प्रदीप कुमार सिंह बाले सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि. प्रतापगढ़ के आकस्मिक निधन पर शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। सभी संचालक मण्डल के सदस्य ने अध्यक्ष जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए, राकेश कुमार सिंह ब्लॉक प्रमुख पट्टी ने अध्यक्ष जी के जीवन संघर्षों को बताये, अध्यक्ष जी बैंक के प्रति हमेशा सकरात्मक पहल करते थे। अंत में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया, इस अवसर पर अशोक कुमार पटेल उपाध्यक्ष, सर्वेन्द्र कुमार दुबे संचालक, दिनेश कुमार पाण्डेय संचालक, रवींद्र पाल संचालक, राजेन्द्र प्रताप सिंह संचालक, राम आशीष, राजेश कुमार, रामराज पाण्डेय, संतोष श्रीवास्तव, अनिल कुमार सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, लक्ष्मी सुमन निगम उप महाप्रबंधक, गौरव सिंह अनुभाग अधिकारी, आलोक कुशवाहा अनुभाग अधिकारी, उपस्थित रहे। संचालन राजेन्द्र प्रताप सिंह बैंक संचालक ने किया।

# आक्रोशित परिजनों को समझा बुझा कर प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार

## बुलडोजर कार्रवाई, मृतक आश्रित परिजनों की आर्थिक मदद सहित 8 सूत्रीय मांग

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के धूमाई ग्राम सभा के चमरौही बस्ती में 11 अक्टूबर दिन बुधवार देर शाम को पल्लेदार रामनेवाज पुत्र भिक्खू की रास्ते में पानी भरा होने की विवाद में राहुल विश्वकर्मा पुत्र हरदेव ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इस गोली बारी में पार्वती40 वर्ष पत्नी अमृत लाल, विनीता 14 वर्ष पुत्री अमृत लाल घायल हो गए थे आरोपी राहुल विश्वकर्मा गोली मारकर पत्नी साथ लेकर घर में ताला बंद कर फरार हो गया मौके पर पुलिस अधिकारियों ने जांच कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया घटना स्थल पर किसी विवाद की संभावना को खत्म करने हेतु पुलिस ड्यूटी लगा दी पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया आज शुक्रवार एस डी एम सिराथू, सीओ सिराथू प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक आश्रित पत्नी यशोदा देवी के जीवकोपार्जन के लिए, सरकारी नौकरी,5 बीघा जमीनी पट्टा,50 लाख की सरकारी मदद एवम घायलों को 10 लाख का मुआवजा शस्त्र लाइसेंस तथा आरोपी राहुल विश्वकर्मा को फांसी की सजा सहित बुलडोजर कार्रवाई की मांग को तहसील प्रशासन उनकी मांग पत्र लेकर सरकार तक पहुंचा कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। तब परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है वहीं मौके पर मौजूद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है वहीं बस्ती के तमाम लोगों ने राजनेताओं पर भेदभाव का आरोप लगाया है इतनी बड़ी घटना हो गई अभी तक कोई राजनेता झांकने नही आया।

# किसान के खेत में लगी धान की फसल को काटकर उठा ले गए चोर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सुलेम में किसान गोविंद प्रसाद साहू पुत्र बद्री प्रसाद साहू ने अपने खेत में धान की फसल लगाई थी 7 अक्टूबर को उसके खेत की फसल काट कर चोर उठा ले गए हैं जिससे उसे किसान को 50 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है 13 अक्टूबर को मामले की शिकायत डीएम एसपी से पीड़ित परिजन ने की है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर सुलेम निवासी गोविंद साहू पुरानी आराजी खाता संख्या 222 फरीदपुर सुलेम का पूर्ण रूप से मालिक है सरकारी अभिलेखों में किसान का नाम अंकित है चकबंदी के बाद आराजी नई संख्या 211 हो गई है अपने जमीन पर गोविंद साहू काबिज है और खेती करता है उसने खेत में धान की फसल तैयार किया था खाद पानी बीज नर्सरी सिचाई फसलों में कीटनाशक दवा आदि में हजारो रुपए खर्च कर गोविंद साहू ने फसल तैयार किया लेकिन तैयार फसल को गांव के छेदीलाल कहार पुत्र कल्लू अपने बेटों के साथ मिलकर 07 अक्टूबर को जबरिया काट कर उठा ले गए हैं फसल चोरी की जानकारी मिलने के बाद किसान परेशान हो उठा किसान का कहना है कि फसल चोरी के साथ-साथ जमीन पर भी उनकी नियत खराब है फसल को चोरी करके ले जाते वक्त किसान गोविंद साहू सहित तमाम लोगों ने देखा चोरी करने से लोगों ने मना भी किया लेकिन धमकी देते हुए दबंग धान की फसल जबरिया उठा ले गए किसान का कहना है फसल चोरी करने से लगभग 50 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है खेत से फसल काट कर उठा ले जाने पर जब किसान गोविंद साहू ने छेदीलाल और उसके पुत्रों से शिकायत किया तो वह गोविंद साहू के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगा गाली गलौज करने लगा और कहा कि यदि कहीं शिकायत किया तो तुम्हें जान से मार डालेंगे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए गोविंद साहू ने कहा कि खेत की फसल चोरी कर के उठा ले जाने वाले छेदीलाल कहार वा उनके बेटों के नाम फसल चोरी का मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कराई जाए उन्हें जेल भेजा जाए और खेत से चोरी की गई धान की 15 कुंतल फसल और पुआल को बरामद कराया जाए और खेत से फसल चोरी करने वाले छेदीलाल व उनके बेटों को हिदायत दिया जाए कि वह मेरे खेत और खेत में मेरे द्वारा बोई गयी किसी भी फसल में हस्तक्षेप ना करें पीड़ित की शिकायत सुनकर अधिकारियों ने कार्यवाही का आश्वसन दिया है।

## न्यूज झरोखा

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, प्रेमी के साथ भाग कर बालिका ने की थी 8 माह पहले लव मैरिज शादी



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पायल उम्र 21 वर्ष पुत्री चंद किशोर निवासी वार्ड नंबर 7 मौलाना आजाद नगर बहुआ मोनू पुत्र बेनीलाल निवासी वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर अझुवा के साथ बीते 8 माह पहले भाग कर शादी कर ली थी मोनू डेली ड्राइवर है आज वह पिकप में मॉल लोड कर कहीं उतारने गया था महिला अपने घर मायके जाने को कह रही थी मोनू ने बताया उसने बाहर मॉल उतरकर छोड़ आऊंगा मोनू के पहुंचने से पहले महिला ने फांसी लगा ली दरवाजा खुला था मोनू का बड़ा भाई जो दिमागी रूप से कमजोर है उसने बाहर आकर बताया कि मोनू की औरत फांसी लगाए है मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मोनू और उसका भाई साथ में पायल ही घर में रहते हैं मोनू के मा और पिता कानपुर में रहकर मजदूरी कर अपना परिवार चलाते हैं मोनू अत्यंत गरीब परिवार है रोज ड्राइविंग से घर का खर्चा चलता है युवक मोनू का रो रोकर बुरा हाल है। अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### आगामी त्यौहार की कुशलता को लेकर महेवाघाट थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**महेवाघाट कौशाम्बी** महेवा घाट थाना क्षेत्र के सभी धर्म गुरुओं ग्राम प्रधान और सभ्रान्त लोगों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग शुक्रवार को महेवाघाट थाना में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक में शासन के दिशा निर्देश अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से थानाध्यक्ष ने अपील की पीस कमेटी की बैठक उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि दशहरा दीपावली के त्योहार पर लोग अमन चैन खुशहाली के साथ त्योहार मनाए उन्होंने कहा कि त्यौहार में खलल डालने वाले पर पुलिस कठोर कार्रवाई करेंगी उन्होंने कहा कि डीजे निर्धारित मानक में बजाए और मूर्तियों का विसर्जन नदियों में ना करें आगामी त्योहार के मद्देनजर भारी पुलिस फोर्स के साथ थाना अध्यक्ष रजनीकांत राजपूत और चौकी इंचार्ज हिनौता के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और क्षेत्र में लोगों से वार्ता का स्थितियों की जानकारी लिया।

### कौशांबी में पहली बार दो प्रोफेशनल मेकअप और हेयरस्टाइलिस एक स्टेज पर नजर आए



**कौशाम्बी** भरवारी में पहली बार सिराज आलम ने अपने पार्लर के लिए एक सेमिनार का अयोजन किया जिसमे उन्होंने प्रयागराज के प्रसिद्ध प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट रिया केशरवानी और प्रोफेशनल हेयरस्टाइलिस सिराज आलम मौजूद रहे। जिसमे उन्होंने भरवारी स्थित लखन लाल गेस्ट हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया एस ० आर० जे० सैलून के डायरेक्टर मोइन अहमद की उपस्थित में कार्यक्रम का अयोजन हुआ। जिसमे रिया केशरवानी ने मेकअप के सारे टिप्स सामने बैठे लोगों को बताया और तरीका बताया की कैसे आपको मेकअप करना है और सारे मेकअप के मैटेरियल के बारे।में बताया की कौन सा समान कब इस्तेमाल करना चाहिए।उसके बाद सिराज आलम ने रशियन हेयर स्टाइल को बताया जिसमे उन्होंने एक एक टिप्स दिया और तरीका बताया कैसे आपको बाल को अच्छे से बनाना है।।जिसमे एस० आर०जे० मेकओवर मास्टर ब्लेंडर और रियाज मेकओवर प्रोफेशनल ग्लिटर को भी लॉन्च किया गया जिसमे बैठे लोगों के द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देने वाले को रिया केशरवानी और सिराज आलम की तरफ उनके जवाब के लिए उनको सम्मानित भी किया गया।

### ई-केवाईसी कराये बिना नहीं मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों को प्रति वर्ष 6000.00 रुपए दो हजार रुपए की तीन किश्तें सीधे लाभार्थियों के खाते में भारत सरकार द्वारा स्थानान्तरित की जाती है। वर्तमान में शासन द्वारा योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहें समस्त लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी 15वीं किश्त का भुगतान उन्हीं लाभार्थियों को प्राप्त होगा, जिन्होंनें अपनी ई-केवाईसी पूर्ण करा ली हैं। लाभार्थी अपना ई0के0वाई0सी0 जन सेवा केन्द्र से आधार बेस्ड ओटीपी के द्वारा अथवा अपनें क्षेत्र के कृषि विभाग के कर्मचारी अथवा सम्बन्धित ग्राम पंचायत सहायक/रोजगार सेवक से सम्पर्क कर फेसियल ई0के0वाई0सी0 करा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त भूलेख अंकन व बैंक खाते का आधार लिंक होना भी अनिवार्य है, जिसके लिये लाभार्थी अपना तहसील द्वारा जारी किये गये खतौनी की छाया प्रति कृषि विभाग के कर्मचारी के माध्यम से उप कृषि निदेशक कार्यालय, मंझनपुर में उपलब्ध करा दें तथा बैंक खाते को आधार से लिंक करायें अथवा इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खाता खुलवायें।

### महिला सशक्तिकरण जनजागरूकता रैली का आयोजन आज

**कौशाम्बी** शासन के निदेर्शानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए शारदीय नवरात्रि पर्व पर ह्लमिशन शक्तिह्व का विशेष अभियान (फेज-4) संचालित किया जायेंगा। दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को प्रातः 8:30 बजे तहसील मंझनपुर से चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों से महिला सशक्तिकरण जनजागरूकता रैली निकाली जायेंगी। यह जानकारी जिला प्रोवेशन अधिकारी नीरज कुमार ने देते हुए बताया कि रैली में 112 पी0आर0वी0 वाहन तथा एम्बुलेन्स भी सम्मिलित रहेंगी। यह रैली तहसील मंझनपुर से कलेक्ट्रेट तक निकाली जायेंगी।

# सीडीओ ने ग्राम पंचायत-कैमा में चौपाल लगाकर सुनीं ग्राम वासियों की समस्याएं

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम पंचायत-कैमा में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद-भराई व बच्चों को अन्नप्रासन्न कराया तथा विभिन्न विभागों यथा-समाज कल्याण, प्रोबेशन, दिव्यांग एवं एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारास आयुष्मान गोल्डेन कार्ड के लगाये गये कैम्प का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। ग्राम चौपाल में कुछ ग्रामवासियों द्वारा वृद्धावस्था पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन का लाभ न मिलने की शिकायत की गयी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को मौके पर ही आनलाईन आवेदन कराकर निराश्रित पेंशन एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत कराये जाने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कम्पोजिट विद्यालय कैमा के निरीक्षण के दौरान पठन-पाठन सामान्य, परिषदीय विद्यालय में बालिकाओं के लिए बना शौचालय की स्थिति ठीक नहीं पाये जाने एवं विद्यालय आवागमन का रास्ता अत्यन्त ही खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव ग्राम पंचायत को निर्देशित किया कि 02 दिवस के अन्दर सभी कमियों को ठीक कराना सुनिश्चित करें। ग्राम चौपाल में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को विस्तृत



जानकारी दी गयी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा वर्तमान में चल रहे मुहपका-खूरपका टीकाकरण एवं कृत्रिम गभार्धान के लाभ तथा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। पूर्ति निरीक्षक द्वारा विभागीय योजनाओं तथा समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन व वृद्धावस्था पेंशन के बारे में जानकारी दी गयी इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 सागर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सिराथू भावेश शुक्ल एवं पूर्ति निरीक्षक सिराथू सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# आयोजित की गई योगाभ्यास प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी के परिसर में 13 अक्टूबर को निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ, उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर की अध्यक्षता निर्देशन में डायट कौशांबी में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद कौशांबी के प्रत्येक विकासखंड से दो दो महिला शिक्षक एवं दो दो पुरुष अध्यापकों ने योगाभ्यास प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर, कौशांबी ने योग की मानव जीवन में उपयोगिता, इसके भविष्य में होने वाले लाभों के बारे में उपस्थित शिक्षकों को बताया। योगाभ्यास प्रतियोगिता के तीन

**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान**



सदस्यीय निर्णायक मंडल में श्री कौशलेंद्र मिश्र डायट प्रवक्ता , डाङ्ग देवेश सिंह यादव डायट प्रवक्ता, श्री उरिष्ठ प्रसाद चौधरी बेसिक शिक्षा विभाग रहे। निर्णायक मंडल के सदस्य के सर्वसम्मति से जनपद स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एक महिला शिक्षक श्रीमती कीर्ति सिंह प्रा0 वि 0 महगांव, विकास खण्ड मूरतगंज एवं एक पुरुष शिक्षक राजू केसरवानी पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़रिया सुकुवारा, विकास खण्ड कौशाम्बी का राज्य योगाभ्यास प्रतियोगिता 2023 हेतु चयनित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले शीर्ष 5 पुरुष शिक्षकों एवम् 5 महिला शिक्षक को योग दिवस के अवसर पर उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ देवेश सिंह यादव रहें। इस अवसर पर विपुल शिव सागर प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ0 अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव एवम् नितीश कुमार यादव धीरज कुमार नारेंद्र कुमार शबीह मुस्तफा,अशोक कुमार सिंह, अमरेश पाण्डेय सहित अन्य डायट स्टॉफ उपस्थित रहे।

# अंडर-19 और अंदर -14 में केपीएस भरवारी का रहा जलवा

अखंड भारत संदेश

## सीबीएसई ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का दूसरा दिन

### अंडर-14 में देव पब्लिक स्कूल समस्तीपुर बिहार बना विजेता



**भरवारी कौशांबी।** प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी में चल रहे सीबीएसई ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप 23 -24 के दूसरे दिन आज संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता एवं संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया सबसे पहले अंडर-19 में डालसिस सनबीम स्कूल वाराणसी से केपीएस भरवारी ने 2-0 से करारी शिकस्त देकर अगले राउंड में अपनी मजबूत जगह बनाई। होली पब्लिक स्कूल आगरा और गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल प्रयागराज के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें गुरुकुल मोंटेसरी स्कूल प्रयागराज 2-0 से विजई रहा इसी क्रम में एसपीएस इंटर नेशनल अकैडमी मथुरा और ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल पटना बिहार के बीच मुकाबला हुआ जिसमें ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल पटना बिहार 2-0 से विजई रहा, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल लखनऊ और सेठ एमआर जयपुरिया आजमगढ़ के बीच में कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें सेठ एमआर जयपुरिया लखनऊ 2-1 से विजयी रहा।

इसी क्रम में खेल गांव पब्लिक स्कूल प्रयागराज और सेंट विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल इटावा के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें खेल गांव पब्लिक स्कूल 2-0 से प्रयागराज विजई रहा, इसी क्रम में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल वाराणसी और स्ट्रिपिंग स्टोन इंटर कॉलेज गोरखपुर के बीच हुए मुकाबले में सेट एमआर जयपुरिया विजई रहा, सिल्वर गुरु सेकेंडरी उपहार वाराणसी और कन्हा मखन मिलेनियम स्कूल मथुरा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें कान्हा माखन मथुरा 2-0 से विजई रहा, राजेंद्र लोहिया विद्या मंदिर हाथरस और हैप्पी मॉडल सेकेंडरी वाराणसी के बीच हुए कड़े मुकाबले में राजेंद्र लोहिया विद्या मंदिर हाथरस 2-0 से विजई रहा, सेंट्रल अकादमी प्रयागराज और ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद के बीच हुए मुकाबले में सेंट्रल अकादमी प्रयागराज दो एक से विजई रहा।

वही सेंट्रल अकैडमी झूंसी प्रयागराज और ज्ञानस्थली एकेडमी कटरा इटावा के बीच हुए मुकाबले में सेंट्रल अकैडमी झूसी 2-0 से विजई रहा इसी क्रम में होली पब्लिक आगरा और डॉक्टर एम सनबीम स्कूल अंबेडकर नगर के बीच मुकाबले में होली पब्लिक जूनियर स्कूल आगरा दो एक से विजई रहा सनबीम स्कूल वाराणसी और महात्मा हंसराज मॉडर्न स्कूल झूसी के बीच हुए मुकाबले में सनबीम स्कूल 2-0 से विजई रहा इसी क्रम में द स्कॉलर होम गोल गड्डा वाराणसी और सेठ आनंदराम जयपुरिया वाराणसी के बीच हुए मुकाबले में स्कॉलर्स होम गोल गड्डा वाराणसी 2-1 से विजई रहा इसी क्रम में स्कॉलर मिशन स्कूल बैकुंठपुर कानपुर और आर्मी मेमोरियल स्कूल प्रयागराज के बीच हुए मुकाबले मेंस्कॉलर मिशन स्कूल 2-1 से विजई रहा लखनऊ पब्लिक स्कूल बरेली और सनबीम स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में लखनऊ पब्लिक स्कूल 2-1 से विजय रहा इसी क्रम में जब एकेडमी विष्णुपुरी अयोध्या और संत कफ एंड्रयू आगरा के बीच में मुकाबले में सेंड सी ऑफ एंड्रयू अप 2-1 से विजई रहा सनबीम वाराणसी और ज्ञान पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद के बीच मुकाबले में सनबीम स्कूल 2-1 से से विजई रहा, सेठ पब्लिक स्कूल लमही वाराणसी और डिवाइन सैनिक स्कूल लहरदार वाराणसी के बीच हुए मुकाबले में सेठ पब्लिक स्कूल वाराणसी 2-0 से विजई रहा तथागत ज्ञानस्थली बांदा और सनबीम स्कूल बरेली रायबरेली अयोध्या के बीच में मुकाबले में सनबीम स्कूल रायबरेली अयोध्या 2-0 से विजई रहा अतुल आनंद कान्वेंट स्कूल वाराणसी और आर्मी पब्लिक स्कूल कानपुर के बीच हुए मुकाबले में अतुल आनंद कान्वेंट स्कूल वाराणसी विजई रहा 2-0 से , एलियन हाउस पब्लिक स्कूल कानपुर और जगत तारन गोल्डन जुबली स्कूल प्रयागराज के बीच हुए मुकाबले में एलेन हाउस पब्लिक स्कूल कानपुर दो एक से विजेता रहा उसी क्रम में रेडिएंट सेंट्रल एकेडमी अंबेडकर नगर और एमपीवीएम गंगा गुरुकुलम फाफामऊ के बीच हुए मुकाबले में रेडिएंट सेंट्रल एकेडमी दो जीरो से विजई रहा लिटर स्कूल पटना और मुकुल राम इंग्लिश स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में लुटेरा पटना 2-0 से विजई रहा वही रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल चुनार मिजार्पुर और सनबीम स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में रेडियम इंटरनेशनल मिजार्पुर विजई रहा आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल सोनभद्र और दिल्ली पब्लिक स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल सोनभद्र विजई रहा आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू करंट प्रयागराज और आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल सोनभद्र के बीच मुकाबले में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल सोनभद्र विजई रहा एसकेडी अकैडमी लखनऊ और क्राइस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बरौली के बीच हुए मुकाबले में क्राइस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बमरौली 2-1 से विजई रहा। संवि स्कूल महाराजगंज गाजीपुर और श्रीराम स्कूल आगरा के बीच हुए मुकाबले में श्री राम स्कूल आगरा विजई 2-1 से रहा, सनबीम स्कूल चंदौली और नवजीवन मिशन स्कूल कुशीनगर के बीच हुए मुकाबले में सनबीम स्कूल चंदौली 2-1 से विजेता बना, तक्षशिला एकेडमी अंबेडकर नगर और विश्व भारती पब्लिक स्कूल अलीगढ़ के बीच हुए मुकाबले में तक्षशिला एकेडमी अंबेडकर नगर 2-0 से विजई रहा वहीं अढर अकैडमी बिहार, लखनऊ और बाल विद्या मंदिर चारबाग लखनऊ के बीच हुए मुकाबले में बाल विद्या मंदिर चारबाग लखनऊ विजेता बना, कच्छावा क्राइस्ट सेकेंडरी काछवा मिजार्पुर और दिल्ली पब्लिक स्कूल कानपुर के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल कानपुर 2-0 से विजेता बना...अंडर -14 में बृजलाल यादव मेमोरियल रायबरेली और राजेंद्र लोहिया विद्या मंदिर हाथरस के बीच हुए मुकाबले में श्री बृजलाल यादव मेमोरियल रायबरेली 2-0 से विजई रहा, डैफोडिल पब्लिक स्कूल लोहिया मिजार्पुर और मुकुल नारायण इंग्लिश सेकेंडरी स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में मुकुल नारायण इंग्लिश स्कूल 2-1 से विजई रहा, महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर प्रयागराज और कछावा क्रिश्चियन सेकेंडरी मिजार्पुर के बीच मुकाबले में महर्षि पतंजलि 2-0 से विजई रहा वही सन इंटरनेशनल स्कूल झांसी और सनबीम स्कूल रायबरेली अयोध्या के बीच हुए मुकाबले में सनबीम स्कूल रायबरेली 2-1 से विजई रहा सेंट अतुल आनंद वाराणसी और रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल मिजार्पुर के बीच हुए मुकाबले में रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल मिजार्पुर 2-0 से विजई रहा रामनगर लखीसराय और सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल 2-1 से विजई रहा, फाउंडेशन अकादमी पटना और अजमानी इंटरनेशनल स्कूल राजापुर लखीमपुर खीरी के बीच हुए मुकाबले में अजमानी इंटरनेशनल स्कूल राजापुर लखीमपुर खीरी 2-1 से विजई रहा सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल बरेली और गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा के बीच हुए मुकाबले में गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा 2-1 से विजई रहा, लूटेरा स्कूल नया टोला पटना और दिल्ली पब्लिक स्कूल फिरोजाबाद के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल 2-1 से विजई रहा, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल चंदौली और डॉक्टर एम संवि स्कूल अंबेडकर नगर के बीच मुकाबले में से टाइम एमआर जयपुरिया 2-1 से विजई रहा वही मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भरवारी और सेंट फ्रांसिस इंटर कॉलेज हाथरस के बीच हुए मुकाबले में कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल 2-1 से विजई रहा, माउंट लिटर जी स्कूल इटावा और तक्षशिला एकेडमी अंबेडकर नगर के बीच हुए मुकाबले में अंबेडकर नगर स्कूल2-0 से विजई रहा सेंट जेवियर स्कूल आजमगढ़ और डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार के बीच हुए मुकाबले में डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार 2-0 से विजई रहा, अंडर -17 में कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल अलीगढ़ और महात्मा हंसराज मॉडर्न स्कूल झांसी के बीच हुए मुकाबले में कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल अलीगढ़ 2-1 से विजई रहा वही सेंट्रल अकैडमी झांसी और अप्स अकैडमी लखनऊ के बीच हुए मुकाबले में सेंट्रल अकैडमी झूंसी प्रयागराज 2-0 से विजई रहा,मिट्टी इंटरनेशनल स्कूल लखनऊ और सनबीम स्कूल वाराणसी के बीच में मुकाबले में सनबीम स्कूल वाराणसी2-1 से विजई रहा,लखनऊ पब्लिक स्कूल बरेली रायबरेली और दिल्ली पब्लिक स्कूल वाराणसी के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल वाराणसी 2-1 से विजई रहा।

### एयरपोर्ट से फोर लेन से जोड़ने सम्बन्धी मार्ग के संरेखण में पड़ने वाले विलेखों का कराया जा रहा पंजीयन बैनामा

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की घोषणा से आच्छादित कौशाम्बी पर्यटन स्थल को जनपद प्रयागराज मुख्यालय वाया-एयरपोर्ट से फोर लेन से जोड़ने सम्बन्धी मार्ग के संरेखण में पड़ने वाले तहसील चायल के राजस्व ग्राम-कसेंदा, फतेहपुर सहावपुर, मखऊपुर, पेरई, कोटिया, अमिरसा डहिया, जयन्तीपुर तरना तरनी, बसुहार, कूरा, फकीराबाद, बरई उर्फ सराय अकिल, घोसिया चित्तापुर एवं हर्रायपुर की भूमि को भू-स्वामियों से समझौते के आधार पर क्रय करते हुए महामहिम राज्यपाल उ०प्र० के पक्ष में विलेखों का पंजीयन/बैनामा कराया जा रहा है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी/जिला निबन्धक डॉ0 विश्राम ने देते हुए बताया कि यह महत्वपूर्ण वृहद परियोजना मुख्यमंत्री के प्राथमिकता के कार्यों में सम्मिलित है एवं मार्ग का निर्माण कार्य महाकुम्भ 2025 अर्थात दिसम्बर, 2024 तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाना है, जिसके दृष्टिगत विलेखों का पंजीयन/बैनामा का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाना हैं। विलेखों का पंजीयन/वैनामा सम्बन्धित ग्रामों में कैम्प लगवाकर कराया जायेगा।

# जन शिक्षण संस्थान द्वारा कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 12 अक्टूबर को कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने एवं सभी अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रजवलन कर-के माल्यार्पण किया तथा कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जन शिक्षण संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने विधायक को एवं मंच पर विराजमान सभी अतिथियों को माला पहना कर तथा बुके देकर स्वागत किया संस्थान के स्टाफ एवं अनुदेशकों द्वारा बैच और तिलक लगा कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष देशराज जयसवाल ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया तथा संस्थान द्वारा जो प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी थी उन प्रतिभागियों को पूर्व विधायक जी के हाथों से प्रमाण पत्र वितरण कराया गया। संजय गुप्ता पूर्व विधायक जी ने अपने संबोधन में कहा कि स्किल बहुत ही महत्वपूर्ण है और जन शिक्षण संस्थान



बहुत ही अच्छा कार्य एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है इसी क्रम में समाज सेवक रमेश अग्रहरि ने संस्थान की काफी सराहना की और अपने संबोधन में कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह में संस्थान के सभी स्टाफ एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दिये।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला प्रबंधक योगेंद्र कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में संस्थान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया तथा काफी सराहना की और संस्थान अध्यक्ष देशराज जयसवाल ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया इसी क्रम में डी डी एम यू के जिला प्रबंधक एस एन शुक्ला ने भी संस्थान को बधाई दिया इसी क्रम में आर बी जयसवाल ने कौशल दीक्षांत समारोह के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी की कल्पना त्रिपाठी ने सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण की इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह विजेंद्र मिश्रा राजू शुक्ला श्रद्धा तिवारी वैशाली करिश्मा रूपा ममता पूजा रेखा सुनीता स्वाती मिश्रा रूबी आदि 400 प्रतिभागी मौजूद रहे।

## संपादकीय

### भाजपा में मची टिकटों पर रार

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अगले विधानसभा चुनाव के टिकटों को लेकर अंदरूनी गुटबाजी सामने आ रही है। आगामी नवंबर महीने में देश के पांच प्रदेशों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान व तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा ने अभी तक मध्य प्रदेश में 136 सीटों पर छत्तीसगढ़ में 84 सीटों पर व राजस्थान में 41 सीटों पर प्रत्याशियों के नामो की घोषणा कर कांग्रेस पर बढ़त तो बना ली है। मगर भाजपा की सूची में बहुत से मौजूदा विधायकों व पूर्व में प्रत्याशी रहे नेताओं के नाम काट दिए जाने से पार्टी में विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

विभिन्न चुनावी एजेंसियों द्वारा किये गए सर्वे के आधार पर भाजपा ने पार्टी विरोधी लहर को रोकने के लिए बहुत सी सीटों पर प्रत्याशियों में फेरबदल किया है। भाजपा द्वारा राजस्थान में 6 लोकसभा व एक राज्यसभा सदस्य को, मध्य प्रदेश में तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात लोकसभा सदस्यों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मैदान में उतार है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित चार सांसदों को चुनाव मैदान में उतर गया है। हालांकि भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को उन्ही सीटों पर मैदान में उतर है जहां पार्टी लगातार चुनाव हार रही है। मगर सांसदों को विधानसभा चुनाव में टिकट देने से उस क्षेत्र में विरोध की स्थिति पैदा हो गई है। कई क्षेत्रों में प्रत्याशी पिछले पांच साल से चुनाव की तैयारी कर रहे थे। वहां सांसदों को टिकट देने से उनमें नाराजगी व्याप्त हो रही है।

राजस्थान के जयपुर में विद्याधर नगर सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी मौजूदा विधायक है। उन्होंने पिछला विधानसभा चुनाव करीबन 31232 वोटो से जीता था। उनका टिकट कटने से उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए यहां तक कह दिया कि मेरा टिकट काटकर मुगलों के सामने घुटने टेकने वालों को टिकट देना कहां का इंसाफ है। हालाँकि बाद में राजवी अपने बयान से पलट गए। दिया कुमारी अभी राजसमंद से सांसद हैं तथा 2013 में सवाई माधोपुर से विधायक रह चुकी है। जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काट कर उनके स्थान पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को मैदान में उतर गया है। टिकट काटने पर राजपाल शेखावत के समर्थको ने भाजपा मुख्यालय पर जाकर जमकर बवाल मचाया। राजपाल शेखावत कई बार विधायक तथा राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ लगातार दो बार जयपुर ग्रामीण से सांसद का चुनाव जीत चुके हैं।

अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से विधानसभा का टिकट दिया गया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे विकास चौधरी तो अपने टिकट काटने पर रोने लगे तथा कहा कि पैसों के बल पर टिकट दी गई है। हालांकि भागीरथ चौधरी 2003 व 2013 में किशनगढ़ से विधायक रह चुके है। 2018 में उनका टिकट काट दिया गया था। फिर 2019 को उनको अजमेर से लोकसभा का टिकट दिया गया था और वह चुनाव जीत गए थे। झुंझुनू के सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ को मंडावा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नरेंद्र कुमार मंडावा से चार चुनाव लड़ चुके है। जिसमें वह दो बार हारे व दो बार जीते थे। 2018 में उन्होंने भाजपा टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीता था। मगर 2019 में उन्होंने सांसद बनने पर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।जालौर से लगातार तीन बार के सांसद देवजी पटेल को सांचौर से वन मंत्री सुखराम बिश्नोई के सामने मैदान में उतारा गया है।

सांचौर से भाजपा एक बार 2003 में ही जीत पाई थी। सांचौर से सांसद देवजी पटेल को टिकट मिलने से वंचित टिकट दावेदारों में आक्रोश है। वहां सांसद के काफिले को लोगों ने बीच रास्ते में रोका व काले झंडे दिखाकर उनका विरोध जताया और काफिले के वाहनों पर पथराव किया जिससे दो से तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस उग्र प्रदर्शन से घिरे सांसद देवजी पटेल ने जैसे-तैसे अपनी जान बचायी।

राजस्थान में भाजपा के हिन्दुवादी चेहरे अलवर सांसद महंत बालकनाथ को तिजारा से मैदान में उतारा गया हैं। वहां भाजपा के पूर्व विधायक मास्टर मामन सिंह यादव ने बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने कि घोषणा कर दी हैं। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर सीट से प्रत्याशी बनाया।

# महाराजा अग्रसेन समाजवादी व्यवस्था के अग्रदूत थे

कुशल शासकों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी होता है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। ऐसे शासकों से न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति भी समृद्ध और शक्तिशाली बनती है। ऐसे शासकों की दृष्टि में सर्वोपरि हित सत्ता का न होकर समाज एवं मानवता होता है। ऐसे ही महान शासक थे महाराजा अग्रसेन। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निमार्ता भी थे। वे समाजवाद के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी व शांति के दूत थे। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दशार्या। उस युग में न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा अर्थात नवरात्री के प्रथम दिन यानी इस वर्ष में अग्रसेन जयंती 15 अक्टूबर, 2023 को मनाई जाएगी।



महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म मयार्दा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चौंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5187 वर्ष पूर्व हुआ था। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। महाराजा अग्रसेन ने एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया।

महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और दूसरी ओर देशकाल के परिप्रेक्ष्य में नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ करके उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है। वर्तमान में भी उनके वंशजों की बड़ी तादाद होने और राष्ट्र के निर्माण में उनका सर्वाधिक योगदान होने के बावजूद न तो उस महान शासक को और न ही उनके वंशजों को सम्मानपूर्ण प्रतिष्ठा प्राप्त हो पा रही है।

अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ। महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले। गोत्रों के नाम गुरुओं के गोत्रों पर रखे गए।

महाराज अग्रसेन ने समाजवादी शासन व्यवस्था की स्थापना की, जिसमें किसी भी व्यक्ति की कोई आर्थिक हानि होती तो वह राजा से ऋण ले सकता था। सम्पन्न होने पर वापस दे देता था। महाराजा अग्रसेन ने 18 यज्ञ किए क्योंकि ब्राह्मण लोग अति संतोषी, यजमान के सिवाय दूसरे का दान न लेने वाले होते थे। यज्ञों द्वारा उनकी धन आदि की इच्छा पूरी हो जाती थी। हर व्यक्ति भगवान के नाम पर अपने राज्य और धार्मिक कार्यों के लिए अपनी आमदनी का दसवां भाग निकालता था। राज्य का हर व्यक्ति अपनी आजीविका अन्य साधनों या किसी व्यापार द्वारा करते थे परन्तु राष्ट्र पर विपत्ति आने के समय सब वर्ग के लोग हथियारों से युद्ध को तैयार हो जाते थे। समाज व्यववस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों के नए संदर्भ जुड़े। परम्परा प्रतिष्ठित हुई। रीति-रिवाजों का स्वरूप सामने आया। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता दिखलाई।

महाराज अग्रसेन के राज की वैभवता से उनके पड़ोसी राजा बहुत जलते थे। इसलिये वे बार-बार अग्रोहा पर आक्रमण करते रहते थे। बार-बार हार के बावजूद वे अग्रोहा पर आक्रमण करते रहे, जिससे राज्य की जनता में तनाव बना ही रहता था। इन युद्धों के कारण अग्रसेनजी के प्रजा की भलाई के कामों में विघ्न पड़ता रहता था। लोग भी भयभीत और रोज-रोज की लडाई से त्रस्त हो गये थे। एक बार अग्रोहा में बड़ी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोडी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार, देश की कुल इनकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का हैं। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्रवंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत सहयोग रहता है। उस महामानव को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश की बड़ी जन-कल्याणकारी योजनाएं उस महान शासक के नाम पर हो, किसी एक महत्वपूर्ण ट्रेन का नाम अग्रसेन एक्सप्रेस रखा जाये। राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की राजधानियों में मुख्य मार्गों के नाम भी अग्रसेन मार्ग रखे जाये।

प्रेषक

**(ललित गर्ग)**

# इजरायल और हमास के युद्ध से मानवता पर बढ़ता खतरा

**ललित गर्ग**

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम (ड्ब्ल्यूईईई) द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय ड्ब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (ड्ब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल/स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पाट्र्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थो (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी




दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-अपशिष्ट दिवस रीसाइक्लिंग और ई-कचरे को कम करने के महत्व पर बल देता है। इस दिन को मनाना और ई-कचरे के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि केवल 78 देशों में ही ई-कचरा प्रबंधन अच्छा है। विश्व की केवल 71 प्रतिशत जनसंख्या ई-कचरा कानून के अंतर्गत आती है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ह्यग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी।

अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा।

गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जुड़ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निमार्ताओं को विस्तारित निमार्ता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं। लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है।

भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधन नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिमार्ता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी।

प्रेषक

(ललित गर्ग)

**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# सड़कों पर जन जवार ने शासन सत्ता को बदल कर रख दिया

आजादी के नायक और लोकतांत्रिक समाजवाद के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर को और डॉ राम मनोहर लोहिया का समृति दिवस 12 अक्टूबर को है। लोहिया कहा करते थे की सड़कें मौन हुई तो संसद आवारा हो जाएगी। उन्हीं के साथी जेपी ने सड़कों को मौन नहीं होने दियाए फलस्वरूप सड़कों पर जन जवार ने शासन सत्ता को बदल कर रख दिया।

यहाँ हम लोहिया की बात करते है। डॉ लोहिया कहते थे सड़कें सूनी हो जाये तो संसद आवारा हो जाती है। यह तब के साथ आज का भी सच है। आज इस पर गहन चिंतन मनन की जरुरत है कि सड़कें तो सुनसान नहीं हुई मगर संसद जरूर आवारा हो गयी।संसद में अब तर्क और विचार का स्थान हंगामे ने ले लिया है। अब वाजपेयीए भूपेश गुप्तए नाथपैए गोपालनए एसएम बनर्जीए मधु लिमयेए जैसी सख्सियत नहीं है जो अपने तर्कों से सरकार को झुका सके।आज लोहिया समृति दिवस पर उनकी कहीं यह बात बरबस याद आती है। 12 अक्टूबर को राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि है। केरल में छात्रों पर लाठी चार्ज हुआ तो उन्होंने अपनी ही सरकार को इस्तीफा देने को कह दिया। आज हालत यह है लाठी गोली चल जाये मगर सरकार कहीं नहीं जाएगी। वे कहते थे जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। उनकी कही हर बात आज याद आती है। 17 खंडों की किताब लोकसभा में लोहिया में उन्होंने लोकतंत्र और विपक्ष की भूमिका पर सार्थक सवाल उठाए है जो आज भी प्रसांगिक है। कहते है आज लोहिया होते तो भाजपा को ललकारते। कोई यह कहने वालों से पूछे की क्यों लालकारते भाई। भाजपा ने तो कांग्रेस मुक्त भारत का उनका सपना साकार ही किया है। वे कांग्रेस को हटाने के लिए शैतान से भी हाथ मिलाने को तैयार थे। उन्होंने 1967 में समाजवादियों को साम्यवादियों और जनसंघियों के साथ एक जाजम पर बैठकर कांग्रेस को सत्ताच्युत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खेर बहस तो चलती रहेगी। लोकतंत्र में बहस का प्रमुख स्थान है इससे हमारे लोकतंत्र की जडे मजबूत होती है।

# उद्योगों, उपभोक्ताओं में बढ़ा मानकों के प्रति विश्वास

**बाल मुकुन्द ओझा**

विश्व मानक दिवस एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जिसे पूरी दुनिया में 1970 से 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम बेहतर दुनिया केलिए साझा दृष्टिकोण रखा गया है। यह वार्षिक कार्यक्रम पूरी दुनिया में इंटरनेशल इलेक्ट्रो.टेक्निकल ;आईईसीद्धए अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन ;आईएसओद्ध और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ ;आईटीयूद्ध द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है। दुनियां में प्रत्येक वस्तु और सेवा में एकरूपता बनी रहे इसके विश्व मानव दिवस मनाने की आवश्यकता महसूस की गई। विश्व मानक दिवस हर साल 14 अक्टूबर को स्वैच्छिक इंजीनियरिंग और वैज्ञानिक मानकों के विकास के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक अर्थव्यवस्था को मानकीकरण के महत्व के रूप में नियामकोंए उद्योगों और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाना है। हमारे दैनंदिन में जीवन मानकों का बहुत प्रभाव पड़ता है। मानक आधुनिक जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़े हैं।

मानक हमारे घरए सार्वजनिक भवनए खेल के मैदानए विद्युत उपकरणों एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित बनाने में मदद करके जीवन क्षमता बढ़ाते हैं। वे हमारे वातावरण को संरक्षण प्रदान करते हैंए उत्पादकता बढ़ाते हैं और जीवन को खुशियों से भरते है।मानक ;स्टैंडड्र्सद्ध यह सुनिश्चित करते हैं कि सेवाओं से किस प्रकार उपभोक्ता और उद्योग का हित संभव है। इससे विश्वास और भरोसा बढ़ता है। औद्योगिक अपशिष्ट में कटौतीए सीमित संसाधनों के साथ अच्छे परिणाम के लिए मानकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उत्पाद एवं सेवा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों में मानकीकरण के कार्यों के अतिरिक्त विभिन्न प्रमाणन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विभिन्न प्रमाणन योजनाओं में बढ़ते हुए लाइसेंसों की संख्या यह दशार्ती है कि उद्योगोंए उपभोक्ताओं और जनसाधारण में मानकों के प्रति विश्वास बढ़ा है। मानकों के प्रयोग से संपूर्ण रूप से दीर्घगामी दक्षता में वृद्धि के रूप में इसके परिणाम और उनका समाधान करने में महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मानकों के तकनीकी फायदे हैं और इससे उत्पादों तथा सेवाओं को बेहतर बनाने तथा इनसे जुड़े उद्योगों को अधिक कुशल बनाने में मदद मिलती है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक मानकीकरण की दिशा में जो भी अच्छे प्रयास किए जा रहे हैंए उनका फायदा विकासशील देशों को ही मिलेगा। इससे न केवल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उनकी मांग बढ़ेगीए बल्कि व्यापार में लागत भी कम होगी तथा उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी।

मानक के माध्यम से आज पूरा विश्व एक दूसरे से जुडा हुआ है। हमारा डेबिटए क्रेडिट कार्ड एटीएम मशीन से हमारे लिए पैसे निकाल देता हैए किसी भी दुकान से हमारे लिए वस्तुएं क्रय कर सकता है । हमारे द्वारा क्रय किया गया किसी भी कम्पनी का बल्ब हमारे घर के होल्डर में फिट हो जाता है । यह सब मानको के कारण ही संभव हुआ है। मानकों से ही तो लोगों में परस्पर सम्प्रेषणए मशीनए पुर्जो तथा उत्पादों में आपस में तालमेल अत्यंत सरल हुआ है।

भारतीय मानक ब्यूरो निरंतर यह प्रयास रहा है कि वह निर्दिष्ट भारतीय मानकों से उत्पादों के अनुरूप मूल्यांकन द्वारा मानकीकरण के फायदों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाए। इससे उपभोक्ताओं को गुणवत्ता वाले उत्पांद मिलने के साथ.साथ उनका स्वास्थ्य और सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। विश्व में वित्तीय अनिश्चितता आज सबसे बड़ा मुद्दा बनी हुई है। उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को बनाए रखना आज बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है।

# लेखपालः क्षेत्र की जनता समेत प्रशासन पर भारी

## -टिकरिया गांव में जमीन का विवाद ले रहा उग्र रुप - जमीन नम्बर 442 खरीदी है कर्वी के अग्रवाल ने -जिलाधिकारी के भी संज्ञान में है मामला

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील क्षेत्र में तैनात लेखपाल के टिकरिया गांव की जमीन नम्बर 442 बिकवाने से तहसील प्रशासन खुद फंसता दिख रहा है। लेखपाल ने ये जमीन कर्वी के सेठ के नाम ग्रामीणों को परेशान करके बिकवाई है। ऐसे में एक लेखपाल सब पर भारी पडता दिख रहा है। लेखपाल की हरकतों ने प्रशासन को पशोपेश में डाल दिया है। फिर भी प्रशासन लेखपाल के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

ये मामला है मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव का। यहां के भाजपा बूथ अध्यक्ष सुखनिधान गर्ग ने बताया कि भू-माफिया कोलों को भूमिहीन कर रहे हैं। लेखपाल ने लालच देकर भू-माफियाओं से मिलीभगत कर 442 नम्बर की जमीन बिकवाई है। मरघट भी खरीद लिया है। बैंक दलाल अब जमीनों की दलाली करने लगे हैं। लेखपाल पैसे वालों के जमीन नापता है। पाठा से डकैत खत्म हुए तो नये किस्म के डकैत सिंडीकेट बनाकर आ गये हैं।

टिकरिया गांव के सुगरिया ने बताया कि उसका पति खत्म हो गया है। लेखपाल ने पीछे जमीन देने को कहा, नहीं तुम्हारी जमीन खारिज कर दूंगा। वह उसकी जमीन नहीं नापेगा। मजबूरी में जमीन लेखपाल ने कर्वी के एक अग्रवाल को बेंचवा दी। टिकरिया गांव के ही अमर त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल ने सेटिंग कर जमीन



442 को बेंचा है। कोलों की जमीन खरीदने को फर्जी मेडिकल इटवा डुडैला के सूरजदीन का बनवाकर ये जमीन कर्वी के अग्रवाल को बेंची है। डेढ-दो लाख बीघे की कीमत की जमीन पचास हजार बीघा में बेंचा है। लेखपाल ने एक करोड से अधिक रुपये कमाये हैं। लगभग 46 बीघा जमीन लेखपाल ने टिकरिया में बिकवाई है। टिकरिया गांव के प्रताप सेन ने बताया कि उसकी जमीन 442 में है, लेखपाल ने नाप भी की है, फिर भी अग्रवाल का मुनीम सुभाष कहता है कि उसकी जमीन यहां नहीं है। यहां से चले जाओ नहीं यहीं गाड दूंगा। दुबारा जमीन नपवाने को कहता है, दुबारा जमीन नपवाने का उसके पास पैसा नहीं है। खाने को लाले पडे हैं, जमीन नपवाने में दो-तीन हजार खर्च होता है, वह कहां से लाये।

मनगवां गांव की शकुन्तला ने भी बताया कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता ने उससे घर बनाने के नाम पर बीस हजार रुपये लिए हैं। उसका घर भी नहीं बना है। पीडिता ने कहा कि वह बहुत परेशान है। इस तरह से लेखपाल की हरकतों से प्रशासन खुद पशोपेश में पड गया है। लेखपाल की हरकतों की जानकारी ऐसा नहीं है कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को नहीं है, फिर भी एक लेखपाल पूरे जिला प्रशासन पर भारी पडता दिख रहा है। लेखपाल पर कोई कार्यवाही न होने से लोग खासे परेशान हैं, वहीं एसडीएम रामजन्म यादव मामले को सुलझाने को आये दिन अग्रवाल के मुनीम व टिकरिया गांव के लोगों को बुलाकर मामले का हल ढूंढ रहे हैं। उन्हें हाल-फिलहाल कोई हल नजर नहीं आ रहा। इस बारे में एसडीएम रामजन्म यादव ने कहा कि विवाद न उत्पन्न हो। सहमति से जमीनों की नाप हो जाये। विवाद होने की दशा में वह कार्यवाही को मजबूर होंगे।

## कोतवाली पुलिस ने पांच बम समेत एक दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने अखिलेश शुक्ला पुत्र रामसवारे निवासी इटौरा थाना पहाड़ी के कब्जे से पांच देशी बम व एक बोलेरो गाड़ी नम्बर यूपी96/एम-0961 समेत दबोचा है। बरामद गाड़ी को एमबी एक्ट में सीज किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा प्रवीण कुमार सिंह व सिपाही पवन राजपूत शामिल रहे।

## मऊ पुलिस ने शातिर चोर दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने चोरी के वांछित रामबली उर्फ शिवाली पुत्र राजकुमार निवासी मानकुवांर को पांच हजार रुपये समेत दबोचा है।

ज्ञात है कि 30 सितम्बर को मनकुंवार गांव के रलौली पुत्र रामहित ने मऊ थाने में तहरीर दी कि रामबली उर्फ शिवाली पुत्र राजकुमार मनकुवांर ने उसके घर में घुसकर संदूक का ताला तोड़कर जेवर समेत 12 हजार रुपये चुरा लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर शुक्रवार को दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने रामबली उर्फ शिवाली को दबोचकर उसके कब्जे से पांच हजार रुपये बरामद किये। बरामदगी पर धारायें बढाई। उस पर जिले के विभिन्न थानों में आठ मामले दर्ज हैं। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम, दीवान जुबेर अली व सिपाही रणवीर सिंह शामिल रहे।

## चुप्पी तोडो-खुलकर बोलो का चल रहा बोलबाला , पुलिस का अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं-बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बनाने की गरज से जारी मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवां राजोल नागर ने राजकीय हाईस्कूल गौहानीकला, व दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में शिक्षकों समेत बालिकाओं को आपदा प्रबंधन बाबत फायर स्टेशन पुलिस लाइन का भ्रमण कराया।

शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने छात्राओं को आग बुझाने के उपकरणों की जानकारी दी। स्कूली बच्चों को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के तहत महिला व बाल अपराध के बारे में गोष्ठी की। गोष्ठी में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के बच्चों को सुरक्षा व सहायता को महिला व बाल अपराध की बाबत प्रशिक्षित कर जागरूक किया। शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट भी बांटे।

स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को बताया कि उनके साथ हो रहे उत्पीडन बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, उत्पीड़न रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच बाबत विस्तार से जानकारी दी। छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं, समझ नहीं पाते। इस बाबत खुलकर बतायें, घर में छोटे भाई-बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

## 15 को आयेंगे स्वामी प्रसाद मौर्या

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी बांदा जिलाध्यक्ष डॉ मधुसूदन कुशवाहा ने बताया कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक/सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य 15 अक्टूबर को सवेरे आठ बजे लखनऊ से चलकर पूर्वान्ह 11 बजे औगासी घाट से बबेरु होते हुए बांदा राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव जीआईसी मैदान बांदा में शामिल होंगे। कार्यक्रम समाप्ति बाद इसी मार्ग से लखनऊ जायेंगे। सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता महासचिव का औगासी घाट में स्वागत करेंगे।

## मेला पर चलेंगी अतिरिक्त ट्रेनें व बसें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पितृ विसर्जनी अमावस्या पर शनिवार को यूपी- एमपी प्रशासन ने बैठक कर रूपरेखा बनाई है। अमावस्या भीड़ के मद्देनजर अतिरिक्त बसें चलाई जाएगी, जो बांदा से प्रयागराज जायेगी।

शुक्रवार को मंदाकिनी किनारे स्थित भरत घाट के महंत दिव्याजीवनदास ने बताया कि पितृ विसर्जनी अमावया पर मंदाकिनी किनारे भगवान राम ने पिंडदान किया था। लोग यहां पिंडदान करते हैं। रेल प्रशासन ने चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पर मेले पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने के आसार को देखते हुए मेला विशेष गाड़ियां चलायेगा। 13 अक्टूबर से मेला स्पेशल वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी चित्रकूट धाम कर्वी चलेगी। जो शाम सात बजे झांसी से चित्रकूट तक के सभी स्टेशनों में ठहराव लेते हुए चित्रकूट आयेगी।

14 अक्टूबर को मेला स्पेशल गाड़ी वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी चित्रकूटधाम कर्वी के बीच चलेगी। दिन में दस बजे झांसी से चलकर चित्रकूट तक सभी स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए चित्रकूट आवागमन करेगी।

## कन्नौजः जिले में चल रहे फर्जी अस्पतालों से सख्ती से निपटे स्वास्थ्य प्रशासन : डीएम

**कन्नौज। जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि फर्जी अस्पताल/क्लीनिक बंद कराये जाये, इस पर सख्ती से पेश आया जाये। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जायेगा। कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटलों में बायोमेडिकल फैसलटीज का प्रयोग हो रहा है अथवा नही, सत्यापन किया जाये। इसी प्रकार सरकारी अस्पतालो में भी बायोमेडिकल फैसलटीज के निस्तारण का सत्यापन किया जाये। उन्होने ई-कवच पर फीडिंग में उमर्दा, गुगरापुर, जलालाबाद, तालग्राम, सौरिक का प्रदर्शन खराब पाये जाने पर सुधार करने के निर्देश दिये।

# सुषमा स्वरुप स्कूल में हुई खेल स्पर्धा

## शिक्षकों के कृत्य बने चर्चा का विषय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खेल जगत फाउडेशन ने मेजर ध्यानचन्द्र खेल स्पर्धा पर सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर सूबे के 75 जिलों में चलने वाली खेल जगत फाउंडेशन ने खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से मेजर ध्यानचन्द्र खेल स्पर्धा कराया।

शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद खेल स्पर्धा के मुख्य अतिथि/डीएफओ प्रदीप कुमार त्रिपाठी, स्पोर्ट्स ऑफिसर विजय कुमार, यूवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने खिलाडियों का परिचय लिया।



इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक खेल जगत फाउडेंशन रतन गुप्ता ने माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। डीएफओ त्रिपाठी ने खिलाडियों को खेल में आगे आने को प्रोत्साहित किया। मेजर ध्यानचन्द्र खेल स्पर्धा में हांकी, एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर), रस्सा कसी, खो-खो, कबड्डी, बालीबाल, शतरंज, योग, ताइक्वांडो, कराटे, हैण्डबाल, डांस स्पोर्ट्स, भाषण स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। जिले के खिलाडियों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रतिभागी खिलााडियों समेत खेल जगत फाउंडेशन के संयोजक रतन गुप्ता ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिसम्बर में बरेली में शामिल होने को कहा। रतन गुप्ता ने मेजर ध्यान चन्द्र खेल स्पर्धा के उद्देश्य खिलाड़ियों में मेजर के प्रति जुडाव घर-घर तक पहुंचाने की बात कही। जीवन को व्यक्तिगत जीवन में उतारकर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत कर खिलाडियों के खेल में और व्यक्तिगत जीवन में बदलाव हो सके। मेजर ध्यानचन्द्र खेल स्पर्धा में क्रीडाधिकारी विजय कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय, सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य नीतू वर्मा, खेल शिक्षक सौरभ द्विवेदी, कामता प्रसाद, इंद्रसेन यादव, ललित सिंह, हरीश कुमार, विभा सिंह, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीएम के आदेशः डीएम ने पालन कराने को ईओ को दिये निर्देश

## सभी जगह हो चौकस साफ-सफाई, वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में नगर पालिका, सिंचाई विभाग, जिला पंचायत राज विभाग से मंदाकिनी नदी किनारे साफ-सफाई अभियान की चर्चा की। उन्होंने ईओ को निर्देश दिये कि बैनर लगाकर महीने में चार दिन अभियान चलायें।



शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीपीआरओ को निर्देश दिये कि मंदाकिनी नदी किनारे अभियान चलाकर सफाई करायें। मुख्यमंत्री के कडे आदेश है कि प्लास्टिक मुक्त होना चाहिए। ईओ को निर्देश दिये कि सुन्दर घाट व रामघाट में हवन-पूजन सामग्री को विसर्जन कुंड बनवायें। उदासीनता से कार्य न कर तेजी से करें। रामघाट पर कच्ची जमीन नहीं मिल रही है तो पक्की में सीमेंटेड बनवायें। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग पर वृक्षारोपण कराकर ट्रीगार्ड भी लगवायें। एक्सईएन सिंचाई को निर्देश दिये कि मंदाकिनी नदी की सिल्ट सफाई को तालमेल से अभियान चलायें।

उन्होंने कहा कि जिला समितियां पौधरोपण करायें। मंदाकिनी नदी में गिरने वाले 14 नालों का चिन्हांकन करायें। ईओ को निर्देश दिये कि रामघाट पर जो नीचे नाला आता है, उसमें जाल लगायें। ईओ राजापुर को निर्देश दिये कि जो नाला गिर रहा है, उसमें जाली लगवायें, ताकि कूड़ा-कचरा न फंसे। डीएफओ से कहा कि निरीक्षण कर रिपोर्ट दें। सभी ईओ को निर्देश दिये कि कचरा न जलायें। उन्होंने मिशन लाइफ के तहत ईओ नगर पालिका व ईओ नगर पंचायत को निर्देश दिये कि प्लास्टिक मुक्त अभियान पार्कों की सफाई व कूड़ा-कचरा निस्तारण को जागरूकता अभियान चलायें। सभी सरकारी कार्यालय में प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर पाबंदी लगायें। ईओ को निर्देश दिये कि कूड़ा-कचरा, एमआरएफ केंद्र में ही फेंके। रोड किनारे कूड़ा-कचरा नहीं दिखना चाहिए। ईओ कर्वी को निर्देश दिये कि अभियान चलाकर बड़ी दुकानों से पॉलिथीन को भी चेक करायें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि अस्पतालों में सीरिंज व कचरा को बाहर न फेंककर चिन्हित स्थान पर ही फेंकें। सभी ईओ को निर्देश दिये कि अगली बैठक में अनुपालन आख्या समेत हाजिर हों। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अपर प्रभागीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जूनियर इंजीनियर पर्यावरण सुशील कुमार साहित्य अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# दीपावली में शुरू हो रामघाट का लेजर शो, बुन्देली सेना ने उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली से पहले रामघाट में चलने वाले श्रीराम कथा आधारित लेजर लाइट एंड साउंड शो को शुरू कराने की मांग बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से की है। दीपावली के पांच दिवसीय मेले में शो आकर्षण का केंद्र रहेगा। लाखों बाहरी श्रद्धालु लाभान्वित होंगे।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामघाट में प्रदेश




सरकार ने लेजर लाइट एंड साउंड शो की सौगात दी है। एक घंटे के इस लेजर शो में पानी के पर्दे पर रामचरितमानस का संक्षिप्त प्रसारण होता है। बारिश में बाढ़ को देखते हुए लेजर शो की मशीने, जनरेटर, पम्प और साउंड हटा दी जाती हैं। अब नदी में बाढ़ के आसार नहीं है, लिहाजा दीपावली से पहले लेजर शो शुरू कराया जाये। पांच दिवसीय दीपदान मेले मे लाखों श्रद्धालु धर्मनगरी आते हैं। लेजर शो बाहरी श्रद्धालु के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से दीपावली से पहले लेजर शो शुरू कराने की मांग की है। सम्पवेल में बेकार खडे जनरेटर को दूसरे विभाग को सौंपने, पन्नालाल घाट के सार्वनिक शौंचालय में पानी कनेक्शन कराने, रंगाई-पुताई कराने, बूडे हनुमान के पास वर्षों से तैयार खड़े शौंचालय को मेले से पहले शुरू कराने की मांग की है।

## पुलिस ने दबोचा एक वांछित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा रामप्रवेश यादव की टीम ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के वांछित मुकेश पुत्र वीरेन्द्र सोनकर निवासी मझगवां खटवारा रोड काशीनगर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रामप्रवेश यादव, दीवान मनोज कुमार, सिपाही अजय मिश्रा शामिल रहे।

## एसपी के निर्देश पर नौ पर गुण्डा एक्ट



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले तीरथराज उर्फ कल्लू सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी लोहदा, राममिलन पुत्र रामप्यारे निवासी पहाडी, फूल सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी असोह, चुन्नू पुत्र रामपूजन विश्वकर्मा निवासी चैरा, राजकुमार पुत्र रामध्वज, ओमकार पुत्र बाबूलाल, अवधेश पुत्र बुत्ता केवट, बुन्देला पुत्र रामध्वज व रामदास पुत्र बुत्ता केवट निवासी रैयापुरवा मजरा गढ़ीघाट के खिलाफ 110 सीआरपीसी के तहत मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## हरिजन शब्द पर पत्रकार ने जताई कडी आपत्ति, सरदार पटेल इंटर कालेज प्रबंध समिति पर की कार्यवाही की मांग



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पत्रकार संजय सिंह राणा पर कार्यवाही को सरदार पटेल इण्टर कॉलेज रैपुरा की प्रबंध समिति ने उच्चाधिकारियों को कार्यवाही को लिखे पत्र में हरिजन शब्द का प्रयोग किया है। इस पर पत्रकार ने कडी आपत्ति जताते हुए उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में प्रबंध समिति के लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

शुक्रवार को पत्रकार संजय सिंह राणा ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हरिजन शब्द को आपराधिक माना है। केरल व केरल राज्य सरकार ने भी अलग-अलग अध्यादेश से इस शब्द पर प्रतिबंध लगा चुकी है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में एक मामले में मंजू सिंह बनाम ओंकार सिंह अहलूवालिया ने 24 मार्च 2017 को आरोपी ओंकार सिंह के हरिजन शब्द के इस्तेमाल पर अग्रिम जमानत देने के आदेश को खारिज कर दिया है। उन्होंने प्रबंध समिति के जिन लोगों ने पत्रकार संजय सिंह राणा को हरिजन शब्द प्रयोग किया है, उन सभी के खिलाफ मामला दर्जकर कार्यवाही की मांग की है। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस संजय सिंह राणा ने सरदार पटेल इंटर कालेज रैपुरा प्रबंध समिति के खिलाफ खबर लिखी थी।

## धूमधाम से मनेगी 19 नवम्बर को सहस्त्रबाहु की जयंती



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जायसवाल शिवहरे युवा मंच पदाधिकारियों की बैठक मेवालाल जायसवाल की अध्यक्षता व समाज महामंत्री अरविन्द शिवहरे के आतिथ्य में श्री गंगा प्रसाद इंटर कालेज सभागार में हुई।

शुक्रवार को हुई बैठक में भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर 19 नवंबर को सहस्त्रबाहु की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। स्थान, साज-सज्जा व प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी को टीम गठित की। नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय व सम्मान हुआ। समाज के संरक्षक राजेश जायसवाल ने कहा कि कलवार समाज का देश की प्रगति में योगदान है। कलवार समाज ने देश व कौम की भलाई को ऐतिहासिक काम किया। डॉ काशी प्रसाद जायसवाल का नाम पूरे देश में श्रद्धा से लिया जाता है। कलवार समाज के लोग विभिन्न उपवर्गों से भारत में फैले हैं। सभी को एकजुट होना होगा। समाज के महामंत्री अरविंद शिवहरे ने कहा कि सहस्त्रबाहु के गौरव अनुसार चित्रकूट क्षेत्र में स्वजातीय बंधुओं के विकास की चिंता पहली प्राथमिकता है। युवा राष्ट्रीय महामंत्री पप्पू जायसवाल ने कहा कि समाज में आत्मनिर्भरता की भावना प्रेरणादायी है। महामंत्री नरेंद्र जायसवाल ने कहा कि समाज की एकता को एकजुट होना होगा। युवा सुनील जायसवाल ने कहा कि इस वर्ष भी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। संचालन महामंत्री नमन जायसवाल ने किया। अंत में अध्यक्षता कर रहे मेवालाल जायसवाल ने आशीवचन दिया। युवा मंच जिलाध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अफगानिस्तान में फिर आया भूकंप, तीव्रता कम होने से नुकसान नहीं

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुबह फिर एक बार धरती डोली। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.6 मैग्निट्यूड रही। इसका केंद्र अफगानिस्तान में 50 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप की तीव्रता कम होने की वजह से जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गरीबी का दंश झेल रहे अफगानिस्तान में एक सप्ताह में दूसरी बार भूकंप आया है। शुक्रवार सुबह 6:39 बजे (भारतीय समयानुसार) आए ताजा भूकंप के झटकों से हालांकि कुछ लोग घबरा कर घरों से बाहर निकल आए। इससे पहले, 11 अक्टूबर को आए भूकंप से 4000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।



## इजरायल में फंसे नेपाल के 254 छात्रों का पहला जत्था सुरक्षित काठमांडू पहुंचा

**काठमांडू।** इजरायल के युद्धग्रस्त क्षेत्र में फंसे नेपाली नागरिकों का पहला जत्था आज सुबह तीन बजे काठमांडू पहुंचा । नेपाल के विदेशमंत्री एनपी साउद के साथ काठमांडू से भेजे गए विशेष विमान से 254 छात्रों को सुरक्षित वापस लाया गया। विदेशमंत्री साउद ने



कहा कि इजरायल सरकार की मदद से अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया जा सका है। इसके लिए उन्होंने इजरायल सरकार का आभार भी व्यक्त किया। इजरायल से वापस आए छात्रों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विमानस्थल पर छात्रों को लेने के लिए उनके परिवारजन मौजूद थे। विदेश मंत्री ने कहा कि इजरायल से वापस आने वाले अन्य नागरिकों के लिए पुनः विमान भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लोग नियमित विमान से वापस आना चाहते हैं उनके लिए कुछ अधिकारी तेल अवीव में मौजूद हैं। नेपाल सरकार ने इजरायल से आने वाले अपने नागरिकों के सभी खर्च वहन करने का निर्णय किया है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता सेवा लम्साल ने कहा कि आज सुबह तक करीब 280 लोगों ने नेपाल वापसी के लिए आवेदन दिया है। अन्य किसी विमान से वापस आने वाले नेपाली नागरिकों का खर्च भी सरकार वहन करेगी।

## ऑस्ट्रेलियाई युवक के विमान में बम होने की सूचना देने से दहशत, सिंगापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर से ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाले विमान में सवार 30 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई युवक को बम की झूठा सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। सिंगापुर पुलिस ने कहा है कि विमान संख्या टीआर 16 ने शाम 4:11 बजे उड़ान भरी। कुछ देर बाद 4:55 बजे उन्हें बम की धमकी की सूचना मिली। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके बाद विमान को वापस सिंगापुर लाया गया। यह विमान करीब 6:26 बजे चांगी हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंचा। इसके बाद 30 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर आपराधिक धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। पेरिस, सैन फ्रांसिस्को और नई दिल्ली से सिंगापुर आने वाली कई उड़ानों को इंडोनेशिया के पड़ोसी रियाउ द्वीप समूह पर रोक दिया गया।




## इस्राइली सेना को पहले ही मिल गई थी हमास के हमले की खुफिया जानकारी, ये गलती पड़ी भारी

**तेल अवीव।** इस्राइली सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को बीते शनिवार को हुए हमास के बर्बर हमले की पहले ही जानकारी मिल गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइली सैन्य अधिकारियों ने गाजा पट्टी में चल रहीं हमास की संदिग्ध गतिविधियों को ड्रिल (अभ्यास) समझने की गलती की, जिसकी कीमत इस्राइल के हजारों आम नागरिकों को चुकानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइली सेना के चीफ ऑफ स्टाफ हेरजी हालेवी और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच टेलीफोन पर इसे लेकर बात भी हुई थी।

**खतरे को भांपने में नाकाम रहे इस्राइली सैन्य अधिकारी**

इस्राइली मीडिया के अनुसार, इस्राइली सेना के अधिकारियों के बीच हमास के हमले से कुछ घंटे पहले ही हमास के लड़ाकों की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई थी। इसे लेकर इस्राइली सैन्य अधिकारी शनिवार की सुबह



ही फिर से मिलने वाले थे लेकिन उससे पहले ही हमास के आतंकियों ने इस्राइली इतिहास के सबसे बड़े हमलों में से एक को अंजाम दे दिया। हालांकि जब इन रिपोर्ट्स के बारे में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें सुरक्षा संस्थानों की तरफ से ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं दी गई थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर बताया कि उन्हें शनिवार की सुबह साढ़े छह बजे हमले की सूचना दी गई, जिसके बाद पीएम तुरंत तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

## ब्रिटेन में भरी सभी जेल, अदालत ने दिया कैदियों को रिहा करने का आदेश, सजा पर भी लगी रोक

**तेल अवीव।** ब्रिटेन में आने वाले कुछ हफ्तों तक अपराधियों को सजा देने पर रोक लगा दी गई है। दरअसल ब्रिटेन की सभी जेल फिलहाल पूरी भर गई हैं। ऐसे में ब्रिटेन की एक अदालत ने उक्त निर्देश जारी किया है। अदालत ने ये भी कहा है कि जेलों में बंद कुछ कैदियों को समय से पहले रिहा किया जाए ताकि जेलों पर पड़ रहे बोझ को कुछ हद तक कम किया जा सके।

**कैदियों से भरी ब्रिटेन की सभी जेल**


ब्रिटिश मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंग्लैंड एंड वेल्स एक वरिष्ठ न्यायाधीश लॉर्ड जस्टिस एडिस ने निर्देश दिया है कि सोमवार तक दोषी अपराधियों को सजा के एलान को फिलहाल टाल दिया जाए। जब इस आदेश को लेकर न्यायाधीश लॉर्ड जस्टिस एडिस से जब दुष्कर्म के दोषियों की सजा टालने को लेकर सवाल किया गया तो वह भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान दिखे और उन्होंने समाज में अपराधियों




के खुले घूमने पर चिंता जताई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन की जेलों में फिलहाल 88016 कैदी बंद हैं, जो कि ब्रिटिश जेलों की कुल क्षमता से महज 654 ही कम है। ब्रिटेन की जेलों की कमी से वहां की सरकार भी वाकिफ है। साल 2019 में चुनाव के दौरान 20 हजार नई जेलों के निर्माण का वादा सरकार ने किया था लेकिन उस दिशा में उल्लेखनीय काम नहीं हो सका है। लंकाशायर, लीसेस्टरशायर और बंकिंघनशायर में तीन जेलों का निर्माण हो रहा है लेकिन योजना संबंधी मंजूरी ना मिलने से इनके निर्माण में देरी हो रही है।

## फिलीपींस की राजधानी मनीला में फिर डोली धरती, चार दिन में दूसरी बार आया भूकंप

**मनीला।** फिलीपींस की राजधानी मनीला में भूकंप से दहशत फैल गई। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप के झटकों से इमारतें हिल गईं। स्थानीय अधिकारियों ने संभावित क्षति से इनकार नहीं किया है। उन्होंने और भी झटकों की चेतावनी दी। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा है कि यह भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:24 बजे आया। झटकों की वजह से लोगों को इमारतों से भागना पड़ा। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि मंगलवार शाम भी मनीला में भूकंप के तेज झटके महूसस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई थी। भूकंप का केंद्र मनीला से 524 किलोमीटर उत्तर की तरफ था।

## इस्राइल ने हमास के ठिकानों में घुसकर आंतकियों का किया खात्मा, 250 बंधक छुड़ाए; अबू अली को जिंदा दबोचा

**यरुशलम ।** हमलों के बाद से इस्राइल लगातार गाजा में हमास के ठिकानों को निशाना बना रहा है। इस्राइल के प्रधानमंत्री ने दावा किया है कि वो हमास के आतंकियों को चुन-चुनकर खत्म कर देंगे। इस बीच, इस्राइली रक्षा बलों ने गाजा में हमास के ठिकानों पर घुसकर उनकी गिरफ्त से अपने 250 लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। इसका एक वीडियो भी जारी किया है।

**शायेत 13 की इकाई की बहादुरी**

इस्राइली सेना की 'शायेत 13' इकाई ने बहादुरी दिखाते हुए सुफा चौकी पर हमला किया। इस दौरान हमास के 60 आतंकवादी भी मारे गए। आईडीएफ ने कहा कि हमास ने इस्राइल के 250 लोगों को बंधक बनाया हुआ था, जिसे उनके ही ठिकानों में घुसकर बचा लिया गया है।

**60 को मार गिराया**

सेना ने दावा किया कि 60 से



अधिक हमास के आतंकवादियों को मार गिराया है। इतना ही नहीं 26 आंतकियों को जिंदा पकड़ा है। इस्राइली सेना को सबसे बड़ी जीत यह मिली है कि उसने हमास दक्षिणी नौसेना डिवीजन के उप कमांडर मुहम्मद अबू अली को भी जिंदा दबोच लिया है।

**बंधकों को दिया आश्वासन**

वीडियो में, इस्राइली सैनिक एक इमारत के अंदर जाते हुए दिख रहे हैं। साथ ही गोलियों की आवाज भी सुनाई दे रही है। एक सैनिक को पीछे से गोली चलाते हुए और दूसरे को चौकी पर ग्रेनेड फेंकते देखा जा सकता है। एक सैनिक चिल्लाते दिख रहा है जाओ, उन्हें जला दो। वहीं, दूसरे को रास्ता साफ होने की जानकारी देते हुए सुना गया। इसके बाद सैनिक बंकर के अंदर गए और बंधकों को आश्वासन दिया कि वे उन्हें बचाने के लिए यहां हैं और अगर उन्हें किसी प्राथमिक उपचार की जरूरत है। बाद में फुटेज में, सैनिकों को एक स्ट्रेचर ले जाते हुए देखा जा सकता है। इस्राइल-हमास युद्ध का आज सातवां दिन है। दूर-दूर तक युद्ध रुकने का आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। संघर्ष शुरू होने के बाद से इस्राइल में कम से कम 1,300 और गाजा पट्टी में 1,500 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## हमास से जारी युद्ध के बीच चीन में इस्राइली राजनयिक पर जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

**मनीला।** चीन की राजधानी बीजिंग में एक इस्राइली राजनयिक पर जानलेवा हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइली राजनयिक पर चाकू से हमला हुआ और फिलहाल पीड़ित राजनयिक अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। फिलहाल हमले की वजह पता नहीं चल पाई, जिसकी चीनी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। जहां एक तरफ इस्राइल और आतंकी संगठन हमास के बीच युद्ध छिड़ा हुआ है और इसके चलते पूरे मध्य पूर्व में हालात तनावपूर्ण हैं। वहीं ऐसे समय में बीजिंग में इस्राइली राजनयिक पर जानलेवा हमले को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**मध्य पूर्व में जारी है तनाव**-बता दें कि पहले ही दुनियाभर में इस्राइल के लोगों पर हमले की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया जा चुका है और लोगों को सावधान रहने को कहा गया है। हालांकि अभी तक साफ नहीं है कि मध्य पूर्व में जारी तनाव का इस्राइली राजनयिक पर हमले से संबंध है या नहीं। उल्लेखनीय है कि साल 2020 में इस्राइल में चीन के राजनयिक की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। चीन के राजनयिक दु वेई तेल अवीव स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। बीते सात सितंबर को हमास के आतंकियों ने इस्राइल की सीमा में घुसकर आम नागरिकों पर बर्बर हमला किया। गाजा पट्टी की तरफ से इस्राइल पर हजारों की संख्या में रॉकेट बरसाए गए। इस हमले में इस्राइल के 1300 नागरिकों की मौत हो गई थी। वहीं इस्राइल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी पर हवाई हमले किए हैं, जिनमें 1500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। अब इस्राइल गाजा पर जमीनी हमले की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर मध्य पूर्व का माहौल गरमा गया है।

## हमास के आतंकियों ने पार की बर्बरता की हदः इस्राइल में गर्भवती महिला का पेट फाड़ा, बच्चे के शव को चाकू से गोदा

**तेल अवीव।** इस्राइल पर हमास के हमले को करीब एक हफ्ता हो चुका है लेकिन अभी भी इस्राइल से इस हमले से संबंधित भयावह जानकारी सामने आ रही है, जिसे जानकर दुनिया स्तब्ध है। इस्राइल के एक कस्बे में एक गर्भवती महिला का शव बरामद हुआ है। दरअसल आतंकियों ने बर्बरता की हद पार करते हुए महिला के पेट को चीर दिया, जिससे महिला का अजन्मा बच्चा बाहर आ गया। आतंकियों का इतने से भी मन नहीं भरा और अजन्मे बच्चे को भी चाकू से गोद दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइली नागरिक योसी लानडाउ बीते एक दशक से जाका नामक एक संस्था से जुड़े हैं। यह संस्था अप्राकृतिक कारणों से मारे गए लोगों के शवों को बरामद करने के लिए काम करती है। योसी ने बताया कि वह बीते एक दशक से शवों को बरामद कर रहे हैं लेकिन हमास के हमले के दौरान हुई हिंसा में जो उन्होंने देखा, ऐसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। योसी ने बताया कि 'गाजा सीमा के नजदीक स्देरोत कस्बे में उन्होंने देखा कि बड़ी संख्या में गाड़ियां पलटी हुई हैं और लोगों के शव सड़कों पर बिखरे पड़े हैं।

## हमास के हमले के बीच सार्वजनिक कूटनीति मंत्री ने दिया इस्तीफा, सार्वजनिक धन की बर्बादी का दिया हवाला

**यरुशलम ।** इस्राइल पर हमास द्वारा किए हमले के बाद तनाव बढ़ता जा रहा है। अभी तक, 2800 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच, इस्राइल की सार्वजनिक कूटनीति मंत्री गालित दिस्तेल एटबरियन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

दिस्तेल ने शाम को वर्तमान सरकार द्वारा उनकी शक्तियों को दरकिनार करने का हवाला देते हुए पद छोड़ने की घोषणा की। बता दें,

निगरानी करने का अधिकार देने के बाद आया है।



गालित दिस्तेल का कहना है कि इस कदम से मंत्रालय चलाना मुश्किल हो गया है। साथ ही उन्होंने इसे सार्वजनिक धन की बर्बादी भी बताया। एटबरियन ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने इस समय देश के हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, 'युद्ध के ऐसे भयानक समय में अहंकार को एक तरफ रखें, इस्राइल की भलाई हर चीज से पहले आती है।' एटबरियन का कहना है कि उनके मंत्रालय से उसका अधिकार छीन लिया गया है और इसलिए वह देश के लिए सार्थक योगदान नहीं दे सकती।सार्वजनिक कूटनीति मंत्रालय ने वर्ष की शुरुआत में अपने गठन के बाद से ही खुद को स्थापित करने के लिए संघर्ष किया था। इसे पत्रकारों और पर्यवेक्षकों से लगातार आलोचना का सामना करना पड़ा। इसकी प्रासंगिकता और ठोस प्रभाव की कमी पर लगातार सवाल उठते रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## यूएन मुख्यालय पर दिखाई गई हमास की ओर से अगवा किए गए बंधकों की तस्वीर

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की बिल्डिंग पर गाजा में इस्राइल के बंधकों की रिहाई की मांग करते हुए बंधक शिशुओं, बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं की तस्वीरें दिखाई गई। अमेरिका में रह रहे इजरायल के एक समूह की ओर से संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में दिखाए गए बंधकों की तस्वीरों में 4 वर्षीय एरियल, 85 वर्षीय याफा और अन्य शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक संदेश में लिखा है, ÷इस्राइल के नागरिकों को अगवा करना मानवता के खिलाफ अपराध है,' 'हमास आईएसआईएस है', 'उन्हें अभी घर लाओ। बंधकों के परिवारों के लिए अमेरिका में कमांड सेंटर ने भी सभी बंधकों की रिहाई का




आह्वान किया, और बंधकों की कैद को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया। इसने दवा और आवश्यक सुविधा प्रदान करने के लिए मानवीय गलियारे बनाने की सुविधा तत्काल देने की मांग की। इसके अलावा, कमांड सेंटर ने विश्व नेताओं, विशेष रूप से अरब दुनिया के हस्तक्षेप का आह्वान किया। न्यूयॉर्क में कमांड सेंटर के कार्यकर्ताओं ने कहा, 'दुनिया को पता होना चाहिए। दुनिया को जागने की जरूरत है। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक हमारे भाई-बहन, जिनका हिंसक और जानलेवा अपहरण कर लिया गया है, अपने परिवारों के पास घर नहीं आ जाते।'इससे पहले स्थानीय लोगों ने तेल अवीव में एक प्रदर्शन किया और इजरायल सरकार से आतंकवादी समूह हमास के साथ बंधकों/कैदियों की अदला-बदली करने का आग्रह किया। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल सरकार से हमास से बात करने और यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया है कि बंधक बनाई गई महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जाए। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर तख्तियां ले रखी थीं और नारेबाजी कर रहे थे। इजरायल पर हमास के हमले के बीच तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन कर रहे एक स्थानीय व्यक्ति ने एएनआई से कहा, इजरायल की सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए हमास से बात करनी चाहिए कि बंधक बनाई गई महिलाओं, बच्चों और नागरिकों को रिहा किया जाए। एक अन्य प्रदर्शनकारी स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि अपहृत बंधकों की रिहाई हो।

## वित्तीय सेवा सचिव का अधिकारियों से पीएम विश्वकर्मा योजना के शीघ्र क्रियान्वयन का आग्रह

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा मामलों के सचिव विवेक जोशी ने राज्यों के अधिकारियों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को तेजी से लागू करने का आग्रह किया है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले महीने की थी। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के मुताबिक विवेक जोशी ने पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के अधिकारियों के साथ दो बैठकें कीं। इन बैठकों में पीएम विश्वकर्मा योजना और उसके क्रियान्वयन के प्रयासों पर प्रस्तुतियां दी गईं। जोशी ने राज्य सरकार के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से इस योजना के तहत लाभार्थियों का निर्बाध नामांकन, तेजी से सत्यापन और पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा है।जोशी ने कहा कि इस योजना का जोर आज के ह्यह्यविश्वकर्माओंह्लह्ल को कल के उद्यमियों में तब्दील करना है। केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को कौशल प्रशिक्षण, बिना गारंटी ऋण, आधुनिक उपकरण, बाजार समर्थन और डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन के जरिए 18 पहचाने गए कारोबार में लगे पारंपरिक कलाकारों तथा शिल्पकारों को समग्र समर्थन प्रदान करने के लिए तैयार किया है। इन बैठकों में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव (डीएफएस), केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के क्षेत्रीय निदेशक और बैंकों के अधिकारियों के अलावा दोनों राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।